संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरुवार, 03 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 206 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# हरियाणा में तनाव कायम

## बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन, सुप्रीम कोर्ट बोला- हेट स्पीच ना हो

**पुलिस सतर्क**

8 जिन लोगों ने नुकसान किया है, उन्हीं से भरपाई कराई जाएगी: सीएम मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**

**हरियाणा के** नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 2 होमगार्ड, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और एक अज्ञात शख्स शामिल है। नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। गुरुग्राम, पलवल जिले में तनाव है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि छोटे-छोटे ग्रुप हिंसा फैलाने का काम कर रहे हैं। नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-एनसीआर के 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया। कई इलाकों में प्रदर्शन जारी है। रैलियों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अदालत ने सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि रैलियों के दौरान हेट स्पीच और हिंसा न होने दें। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उनके फुटेज सुरक्षित रखें। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस या पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करें। इधर, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- जिन लोगों ने नुकसान किया है, उन्हीं से भरपाई कराई जाएगी। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस, न आर्मी और न समाज कर सकता है। सुरक्षा के लिए वातावरण बनाना पड़ता है। इसके लिए पीस कमेटी, एडमिनिस्ट्रेशन के लोग लगे हैं। पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया है। दंगाइयों में भय बनाना पड़ता है।

**नूंह में 26 एफआईआर दर्ज, 116 लोग गिरफ्तार:** नूंह हिंसा में अब तक 26 एफआईआर दर्ज हुई हैं और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम में 15 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल ने कहा कि मोनू मानेसर के वीडियो समेत हिंसा से जुड़े हर तथ्य की जांच होगी। इसके लिए एसआईटी बना दी गई है और हर टीम को 7 से 8 केस जांच के लिए दिए जाएंगे।



### गुरुग्राम में 4 गिरफ्तार, भड़काऊ पोस्ट पर एक पकड़ा

**गुरुग्राम** में मस्जिद पर हमले को लेकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक जिम ट्रेनर है। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं भड़काऊ पोस्ट के केस में दिनेश भारती को सेक्टर 52 से गिरफ्तार किया गया है। उसने वीडियो जारी किया था। पुलिस की 30 और सेंट्रल फोर्स की 20 कंपनियां तैनात हरियाणा में पुलिस की 30 कंपनियां और केंद्रीय सुरक्षा बलों की 20 कंपनियों को तैनात किया गया है। सेंट्रल फोर्स की गुरुग्राम में 2 और नूंह में 14 कंपनियां लगाई गई हैं। दिल्ली और राजस्थान के भरतपुर में भी अलर्ट जारी किया गया है। भरतपुर की 4 तहसीलों में इंटरनेट बंद किया गया है। हिंसा के बाद गुरुग्राम के स्लम एरिया से लोग पलायन कर गए हैं। बुधवार को घरों के बाहर ताले लटके नजर आए। नूंह जिले को सेक्टरों में बांटकर जांच होगी: हिंसा को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### 'नूंह में स्थाई रूप से तैनात होगी आईआरबी'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नूंह क्षेत्र में हुई घटना की भविष्य में पुनार्वृत्ति न हो इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि नूंह में इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की एक बटालियन को स्थाई रूप से तैनात किया जाएगा। वर्तमान में भौंडसी में दो बटालियन तैनात हैं। इसमें से एक का मुख्यालय अब नूंह में बनाया जाएगा। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आईआरबी के एक हजार जवानों की बटालियन को फिलहाल नूंह में किसी धर्मशाला में ठहराया जाएगा। इसके बाद उनका वहां रहने का स्थाई प्रबंध भी कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में स्टेट एन्फोर्समेंट ब्यूरो का गठन किया है।

### नूंह हिंसा की होगी जांच बेनकाब: अनिल विज



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने नूंह हिंसा के मामले में कहा कि इतना बड़ा बवाल केवल एक दिन में नहीं हो सकता। इसके लिए किसी न किसी ने लोगों एवं हथियारों को इकट्ठा कर प्लानिंग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जांच होगी और नूंह में ऐसी साजिश रचने वालों को बेनकाब किया जाएगा। विज ने बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह देश हम सबका है और विश्व में इसे तरक्की के ऊपर वाले पायदान पर लेकर जाना है। क्योंकि तरक्की उसी प्रदेश में होती है, जहां शांति हो, इसलिए लोग ऐसी गलत पोस्ट न डाले और न ही वायरल करें।



आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के 31 सदस्यों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको मणिपुर के हालात से अवगत कराया।


## बदरीनाथ धाम: मास्टर प्लान का अस्थाई पुल टूटा, एक मजदूर बहा

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल के निकट बनाया जा रहा अस्थाई पुल बुधवार को एक तरफ झुक गया, जिससे वहां पर कार्य कर रहे दो मजदूर बह गये। इसमें से एक लापता है जबकि दूसरा स्वयं ही किनारे पर आ गया। वर्चुअल पुलिस थाने के अनुसार बुधवार को दोपहर बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल के निकट कार्यदायी संस्था प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट यूनिट लोक निर्माण विभाग बदरीनाथ की ओर से अस्थाई पुल का निर्माण कार्य चल रहा है।

बताया गया कि इसी दौरान पुल एक तरफ झुक गया, जिससे दो मजदूर बह गए।

## सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत का किया विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामे में सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए कहा है कि सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं।

सीबीआई ने कहा है कि सिसोदिया ऐसे मामलों में जमानत के लिए निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को भी पूरा नहीं करते हैं। सीबीआई ने सिसोदिया को जमानत नहीं देने का अनुरोध करते हुए कहा है कि पहले ही वह सबूत नष्ट कर चुके हैं और पूछताछ के दौरान भी सहयोग नहीं रहा। साथ ही वह राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति हैं, ऐसे में सिसोदिया को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। सीबीआई ने अपने हलफनामे में मनीष सिसोदिया की पत्नी का जिक्र करते हुए कहा है कि उनकी बीमारी कोई नई बात नहीं है। पत्नी का इलाज पिछले 23 साल से चल रहा है, ऐसे में यह भी उनके जमानत का आधार नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया था। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिंघवी ने दलील दी थी कि सिसोदिया की पत्नी की वाकई हालात खराब है। उनका 50 फीसदी शरीर विकलांग हो चुका है। सुनवाई के दौरान ईडी ने भी सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया था। मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। 3 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

**विरोध**

8 सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं

## भारत-ब्रिटेन के बीच 7 से एफटीए पर होगी बातचीत




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 12वें दौर की बातचीत की शुरूआत सात अगस्त से होने जा रही है। इस बैठक में दोनों देशों के मुख्य वातार्कार शामिल होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत और ब्रिटेन के मुख्य वातार्कारों की अगली बैठक 7 अगस्त से शुरू हो रही है। एफटीए पर वार्ता के इस दौर में जिन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, उनमें निवेश संधि, वाहन, शराब पर शुल्क में कटौती और सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच 11वें दौर की वार्ता पिछले महीने संपन्न हुई थी। बातचीत के उस दौर के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल लंदन गए थे। उन्होंने बातचीत की प्रगति की समीक्षा की थी। दोनों देश चाहते हैं कि एफटीए पर बातचीत इस साल के अंत से पहले पूरी हो जाए। उल्लेखनीय है कि एफटीए पर वार्ता के 26 अध्याय में से 19 पूरे हो चुके हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के रूप में निवेश पर बातचीत चल रही है। ये मुक्त व्यापार समझौते के साथ संपन्न हो सकती है।

**चर्चा का विषय**

8 निवेश संधि, वाहन, शराब पर शुल्क में कटौती और सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं

## 'सीसीटीवी और अर्धसैनिक बलों की तैनाती करे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली:** **हरियाणा के** नूंह में सोमवार को हुई दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को नूंह हिंसा मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि वीएचपी के विरोध मार्च के दौरान कोई नफरत भरा भाषण या हिंसा न हो।

**सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश:** दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में विहिप और बजरंग दल द्वारा आयोजित मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में कोई नफरत भरा भाषण या हिंसा न हो।



**पीठ ने अर्धसैनिक बलों की तैनाती का दिया आदेश:** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवी भट्टी की पीठ ने यह भी आदेश दिया कि अतिरिक्त पुलिस या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएं और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं।

**हिंदू संगठनों ने किया विरोध-प्रदर्शन का एलान:** बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश तब पारित किया है, जब पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि दक्षिणपंथी समूहों विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनों की घोषणा की गई है।

**आदेश**

8 केंद्र-राज्य सुनिश्चित करें कि वीएचपी के विरोध मार्च के दौरान कोई नफरत भरा भाषण या हिंसा न हो

## भारत को युवा पीढ़ी के दम पर ही विश्व गुरु बनाया जा सकता है : सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की और थिंक इंडिया की ओर से बुधवार को संस्थान के दीक्षांत भवन में जी-20 इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पहले कोई बड़ी घटना होने पर भारत विश्व की तरफ देखता था, लेकिन आज समय बदल गया है और अब दुनिया भारत की ओर देखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत में देश की जनता के मन में यह भाव उत्पन्न हो गया है कि वह किसी भी क्षेत्र में जाए, वहां विश्व का नेतृत्व कर सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आने वाले समय में उनके सामने बहुत सारे अवसर और चुनौतियां दोनों ही हैं।

8 आज समय बदल गया है और अब दुनिया भारत की ओर देख रहीह है, भारत के लिए गर्व की बात

## ज्ञानवापी: जिला न्यायालय में नई याचिका दाखिल

**गंभीर आरोप**

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**ज्ञानवापी** मामले में बुधवार को हिन्दू पक्ष ने जिला न्यायालय में एक और याचिका दाखिल कर प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष पर साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप लगाया है। वादिनी राखी सिंह ने न्यायालय से ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाने की भी मांग की है। जिला न्यायालय ने इस मामले में 04 अगस्त को सुनवाई की तिथि नियत की है। याचिका के अनुसार ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे से पहले आशंका है कि परिसर में विद्यमान हिंदू प्रतीक चिन्ह को तेजी से मिटाया जा रहा है। प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष नहीं चाहता कि एएसआई सर्वे के माध्यम से सच्चाई समाज के सामने आए। ऐसे में प्रतिवादी मस्जिद में मंदिर के साक्ष्यों को मिटाने में लगे हुए हैं। याचिका में बताया गया कि ज्ञानवापी परिसर में सर्वे वाले दिन 24 जुलाई को सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक परिसर के अंदर तथाकथित मस्जिद के दरवाजे का ताला बंद किया हुआ था। उस ताले की चाबी भी एएसआई सर्वे टीम को नहीं सौंपी गई। जिससे साफ है कि मुस्लिम पक्ष वहां पर मौजूद हिंदू धर्म के साक्ष्यों को नष्ट करने की नियत से उक्त कृत्य कर रहा है।



8 प्रतिवादी पक्ष पर साक्ष्य मिटाने का आरोप, सर्वे वाले दिन मस्जिद का ताला नहीं खुलने पर आशंका

**सृजन** धर्मपुर में आवश्यक पदों के सृजन के उपरांत जल शक्ति विभाग का मडिल प्रथम जनवरी, 2024 से कियाशील कर दिया जाएगा

## जनवरी में क्रियाशील होगा जल शक्ति विभाग का धर्मपुर मंडल: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप धर्मपुर में आवश्यक पदों के सृजन के उपरांत जल शक्ति विभाग का मण्डल प्रथम जनवरी, 2024 से क्रियाशील कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री गत देर सायं परवाणू में 18.50 करोड़ रुपये की लागत से टर्मिनल मण्डी परवाणू के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण, सम्पर्क सडक एवं पार्किंग का लोकार्पण करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन परवाणू की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 लाख रुपयेए गुरूद्वारा साहिब श्री सिंह सभा परवाणू की ओर से 1,51,000 रुपये तथा परवाणू विकास मंच की ओर से 50 हजार रुपये का ड्राफ्ट भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित मानवता को राहत पहुंचाने के लिए दी जा रही धनराशि के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार के लिए सत्ताए सेवा एवं आम आदमी के जीवन को सरल बनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार आम और खास के मध्य का अंतर समाप्त करने के लिए कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर सडकें, घरद्वार के समीप गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अगले चार वर्षों में राज्य के लोगों को यह सब सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चार वर्षों में हिमाचल का विकास सभी के लिए आदर्श बनेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कृतसंकल्प है।

वर्तमान आपदा के कारण राज्य को बहुत अधिक क्षति हुई है। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि प्रदेश में हुए व्यापक नुकसान के दृष्टिगत उदार आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और राज्य की भौलोगिक परिस्थितियों के अनुरूप सडक एवं सुरंग निर्माण में आवश्यक परिवर्तन किए जाएं।



**सेवा ही माध्यम**

8 सत्ता, सेवा एवं आम आदमी के जीवन को सरल बनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का माध्यम है: सीएम

## मणिपुर मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

**मुलाकात**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के 31 सदस्यों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको मणिपुर के हालात से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद खड़गे ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा किया था।



प्रतिनिधिमंडल ने वहां जो देखा, उसे राष्ट्रपति के सामने रखा। उन्हें बताया कि वहां राहत शिविरों में लोगों को समय पर राशन और दवा भी नहीं मिल पा रही है।

खड़गे ने कहा कि मणिपुर पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्षी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी सौंपा है। इस पर राष्ट्रपति ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। खड़गे ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को यह भी अवगत कराया है कि सत्ता पक्ष विपक्ष को संसद में इस मुद्दे पर बोलने तक नहीं देता है। विपक्षी सदस्यों के सदन में माइक बंद कर दिए जाते हैं। खड़गे ने कहा कि हमारे साथियों ने बताया कि मणिपुर हिंसा में हजारों की संख्या में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है।

8 वहां राहत शिविरों में लोगों को समय पर राशन और दवा भी नहीं मिल पा रही है : खड़गे

# नूंह/मेवात में हुई हिंसा के विरोध में हिंदू एकता मंच ने सीएम के नाम सौंपा

## तीर्थयात्रियों पर सुनियोजित हमले में गोलीबारी व पत्थरबाजी की वह बहुत ही हृदय विदारक घटना है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
मेवात में हुई घटना पर अम्बाला में हिंदु एकता मंच की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उन्होनें कहा कि मेवात में मुस्लिम समाज द्वारा बृजमण्डल धार्मिक यात्रा में शामिल तीर्थयात्रियों पर जो सुनियोजित हमले में गोलीबारी व पत्थरबाजी की वह बहुत ही हृदय विदारक घटना है और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतिवर्ष श्रावण में सोमवार के दिन मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। गत सोमवार को भी इन धर्म स्थलों पर लगभग 20-25 हजार लोग पहुंचे हुए थे। यात्रा को शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि तीर्थ यात्रियों पर कुछ उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा




आगजनी शुरू कर दी श्रद्धालुओं ने जब देखा कि परिस्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है, तो पीछे हटने का प्रयास किया तो देखा पीछे से भी पत्थर बरस रहे हैं।

उन पर पेट्रोल बम फेंके गए, बहुत मुश्किल से कुछ लोग अपनी जान बचाकर बचाकर वापिस नतहड़ महादेव के मंदिर में आ सके कुछ ही देर हुई थी वहां गए हुए कि उस मंदिर के सामने भी दंगाईयों ने कारो बसों और अन्य वाहनों को आग लगानी और जो सामने दिखा उन पर गोलिया बरसनी शुरू हो गई। जिसमें कई

**मांग**

**8 गंभीर आत्म विश्लेषण का अवसर है कि कल नूंह में डायरेक्ट एक्शन की तरह का वातावरण बना था**

लोगों को गोलियां लगी और लगभग सौ से अधिक वाहन जला दिए या तोड़ दिए गए। जब पुलिस आती है तो पुलिस को देखकर उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलिया बरसाना शुरू कर देते है। जिसके चलते वहां पर दो लोगो की मौत हो गई। कुछ अन्य लोगों को भी गोलियां लगती है। बहुत मुश्किल से प्रशासन ने उन पर नियंत्रण किया और उसके बाद वहां से निकाल करके पुलिस लाइन में लेकर आए।

लेकिन यह बहुत ही गंभीर आत्म विश्लेषण का अवसर है कि कल नूंह में डायरेक्ट एक्शन की तरह का वातावरण बना था। इस बृजमण्डल धार्मिक यात्रा पर हुए इस कर हमले में हिंदू समाज के चार लोगों की निर्मम हत्या हुई है। अत हमारी आपसे मांग है कि इस सुनियोजित हमले में जिन लोगों की हत्याएं हुई है उन सबके परिवारों को एक एक करोड़ रुपया दिया जाए जो घायल हुए हैं, उनको 20 लाख रुपया तथा जिनकी गाड़ियाँ और से नए हो गई है उनको पूरी तरह क्षति पूर्ति की जाए। जिसकी जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए। वहीं हिंदु संगठनों द्वारा प्रदेश के अन्य स्थानों पर रोष प्रदर्शन किए गए और सरकार से मांग की गई कि वह तुरंत इस मामले में उचित कार्रवाई करे।

# बार एसोसिएशन ने लगाया निशुल्क मेडिकल कैंप



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला बार एसोसिएशन अम्बाला एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला द्वारा अम्बाला कोर्ट में मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सेकेटरी कम सीजेएम सौरभ गुप्ता ने कैंप की व्यवस्थाओं के बारे जाना। मेडिकल चैकअप कैंप का उद्घाटन जिला एंव सत्र न्यायधीश कंचन माही ने किया। अम्बाला जिला बार एसोसिएशन के प्रधान रोहित जैन, उप प्रधान अमित कुमार गर्ग, सेकेटरी संदीप शर्मा, जोइंट सेकेटरी सोनल कपिला, टैजुअर ललित शर्मा ने जिला एंव सत्र न्यायधीश कंचन माही का स्वागत किया व उन्हे मैडिकल कैंप की व्यवस्थाओं के बारे दिखाया। कैंप में नागरिक अस्पताल अम्बाला शहर की डॉक्टर्स की टीम ने अधिवक्ताओं, कोर्ट स्टाफ, सिक्योरिटी स्टाफ के स्वास्थ्य को जांचा व निशुल्क परामर्श दिया। कैंप का सैंकड़ो लोगों ने लाभ लिया ओर इसमें बीपी, बल्ड टैस्ट, एचआईवी टैस्ट, इसीजी, ऑखों का टेस्ट, दांतों का चेकअप व जनरल टैस्ट किए गए व उनकी रिपोर्ट भी तुरंत दी गई। अम्बाला जिला बार एसोसिएशन के प्रधान रोहित जैन ने बताया कि हमें समय समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए ओर अधिवक्ताओं को तो विशेषतौर पर अपना स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इसी के मद्देनजर यह मैडिकल कैंप लगाया गया है जिसमें अनेको अधिवक्ताओं ने लाभ लिया।

# खैरा के राजकीय उच्च विद्यालय में बच्चों का आत्मबल बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बाढ़ के कारण विद्यालय में भारी नुकसान रहा है और बच्चों के घरों में भी काफी दिनों तक पानी ने घमासान मचा कर रखा जिस कारण बच्चों के चेहरे पर खुशी गायब हो चुकी थी तथा बच्चों को खाने पीने की अव्यवस्था रही। इन परिस्थितियों को देखते हुए हर रोज मुख्याध्यापक श्री श्याम सुंदर शर्मा बच्चों को प्रार्थना के समय प्रेरित करते रहे। मुख्याध्यापक श्याम सुंदर शर्मा ने समाजसेवी एवं



बिजनेसमैन दिनेश जिंदल से विद्यालय में आने का आग्रह किया क्योंकि वे जगह-जगह हजारों की संख्या में लोगों को प्रेरित करते हैं तथा बच्चों के आत्मबल को बढ़ाते हैं। दिनेश जिंदल अपने साथी सहित विद्यालय में आए हुए बच्चों के लिए पेस्ट्री ,पेटिस ,कोल्ड ड्रिंक लेकर आए। लगभग साढ़े

**शिक्षा का महत्व**

**8 बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेरे आपके मुख्याध्यापक से लगभग पिछले 27-28 साल से मित्रता है**

6000 का समान लेकर आए और बच्चों को खिलाया । उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेरे आपके मुख्याध्यापक से लगभग पिछले 27-28 साल से मित्रता है ।अनेक सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज मैं 4 बच्चों को चुनाव करता हूं कि जो बच्चे 90% से ऊपर अधिक अंक हासिल करेंगे तथा जिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होगा। उनकी पढ़ाई व ट्रेनिंग जिम्मेदारी लूंगा। मेरा प्रयास यही रहेगा कि मैं आप लोगों के उद्देश्यों को पूरा करो जहां तक आपको जाना है वहां तक आपको पहुंचा सकूं।

# जनता को बढे हुए बिजली बिलो से निजात दिलाना आप की पहली प्राथमिकता: देवेन्द्र

## 2024 में आप सरकार बनने पर बिजली फ्री ओर पूरी बिना किसी कट के 24 घंटे मिलेगी

**जागरूक**

**8 बिजली आंदोलन की मुहीम को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता डोर टू डोर जनता तक पहुँच रहे है**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत आम** आदमी पार्टी के सुप्रीमो व दिल्ली मुख्यमंत्री ने गत दिनों पंचकुला इंद्रप्रस्थ ऑडिटोरियम से हरियाणा में "बिजली आंदोलन " की शुरूआत की थी। जिसके मद्देनजर नजर सोनीपत लोकसभा की सभी विधानसभाओं में बिजली आंदोलन की मुहीम को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता डोर टू डोर जनता तक पहुँच रहे है। आज सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम के नेतृत्व में सोनीपत विधानसभा में भी बिजली आंदोलन की शुरूआत न्याय के प्रहरी के मंदिर जिला बार एसोसिएशन हाल से की गई। देवेन्द्र गौतम ने बताया की वो खुद भी अधिवक्ता है ओर सोनीपत बार के सदस्य भी है तो अपने वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों के आशीर्वाद से आंदोलन की शुरूआत सोनीपत में की गई। लोकसभा अध्यक्ष ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ बढे हुवे बिजली बिलो की प्रतियों को जलाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया की "बिजली आंदोलन" का उद्देश्य हरियाणा की जनता को भी दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर भारी भरकम बढ़े हुवे बिजली बिलो से निजात दिलाना है। हरियाणा की जनता को भी 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर बिजली फ्री ओर पूरी बिना किसी कट के 24 घंटे मिलेगी। हरियाणा सरकार ने लाखो रुपय के बिल भी जनता को भेजे हुवे है। बार बार बिना विशेष कारण के उपभोक्ताओ के मीटर बदल दिए जाते है। भारी भरकम बिजली के बिल ना भर पाने की एवज में जनता को बिजली काटने ओर पुलिस कार्यवाही की धमकिया दी जाती है। देवेन्द्र गौतम ने हरियाणा सरकार से सवाल किया की जब दिल्ली ओर पंजाब की जनता को बिजली फ्री ओर सस्ती मिल सकती है तो हरियाणा की जनता को क्यूँ नहीं? उन्होने कहा बस नियत का फर्क है।

# ठाकुर जी के आगे नाच कर मनाया पूर्णिमा का उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भगत को जब भगवान से प्रेम होता है तो वह किसी न किसी रूप में उसके हृदय से बाहर निकल ही जाता है। उस समय उसे शरीर की सुध नहीं रहती यह पंक्तियां पूर्णिमा के उपलक्ष पर भगवान ठाकुर जी के आगे कीर्तन कर रही महिलाओं पर सटीक बैठती हैं। बता दें कि आनंदपुर जलबेरा गांव में पिछले 1 महीने से गांव के ही ठाकुर द्वारे में दर्जनों भगवत प्रेमी महिलाएं भजन कीर्तन कर उसे मनाती हैं तथा आनंद शांति प्राप्त करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं। पूर्णिमा के उपलक्ष पर उन सभी महिलाओं ने भगवान ठाकुर जी के आगे फल, खीर का भोग अर्पण कर उसे नाच कर मनाया। महिला भजन मंडली की आगेवान पुष्पा, कविता तथा सरला ने बताया कि गांव के श्री

**भक्ति प्रेम**

**8 गांव के ही ठाकुर द्वारे में दर्जनों भगवत प्रेमी महिलाएं भजन कीर्तन कर उसे मनाती हैं**

राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा सत्यनारायण दास की प्रेरणा से वह इस कीर्तन को आगे 1 महीने तक करती रहेंगी उल्लेखनीय है कि इसी भजन मंडली द्वारा वर्ष में आने वाली महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व के उपलक्ष पर भजन कीर्तन किया जाता तथा कार्तिक मास में ब्रह्म मुहूर्त में भगवत गीता के बाहरवे अध्याय के आधार पर हवन यज्ञ किया जाता है ताकि गांव में सुख, शांति व संपन्नता बनी रहे।

# सनातनियों ने खालिस्तानी आतंकी पुन्नू का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
विदेश में बैठे खालीस्तानी आंतकी गुरमत सिंह पन्नू आए दिन धमकी भरे संदेश देता है। इसी के चलते आज अम्बाला छावनी में अखिल हिन्दु सनातनी सुरक्षा दल ने रोष व्यक्त किया और आंतकी पन्नू का पुतला फूकां। उन्होनें कहा कि भारत सरकार को चाहिए कि आंतकी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाए और उसे गिरफतार कर भारत लाया जाए तथा उसे फांसी की सजा दी



जाए। गौरतलब है कि गत माह भी अम्बाला छावनी के 12 क्रास रोड पर हिन्दु संगठनों द्वारा आंतकी गुरमत सिंह पन्नू का पुतला फूंका गया था और कहा गया था कि भारत अस्थिरता फैलाने के मक्सद से पन्नू सोशल मीडिया के जरिये देश विरोधी संदेश दे रहा है।

# डीसी ने अधिकारियों को पेयजल के सैंपलों की जांच के लिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डा. शालीन ने अपने कार्यालय में पेयजल विषय के दृष्टिगत जनस्वास्थ्य विभागए स्वास्थ्य विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए समीक्षा की और इस विषय के तहत आवश्यक दिशा.निर्देश दिये।, बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बीते दिनों जो बैठक ली गई थी उसके तहत जो दिशा.निर्देश दिये गये थे कि वे हर ब्लॉक के तहत 50-50 पेयजल के नमूने लेना सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट आगामी बैठक में लाना सुनिश्चित करें।

# मेयर ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया

## निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की और फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की बैठक में सभी महत्वपूर्ण विकास कार्यों के एजेंडे तैयार रखने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** मेयर निखिल मदान बुधवार को नगर निगम पहुँचे जहाँ उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की और आगामी सप्ताह में होने वाली फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की बैठक में सभी महत्वपूर्ण विकास कार्यों के एजेंडे तैयार रखने के दिशा निर्देश दिए।
इस दौरान जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला औ? ककरोई गाँव के ग्रामीणों ने मेयर निखिल



मदान से मुलाकात की। गाँव के सरपंच करमबीर सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा पश्चिमी यमुना लिंक नहर से पाइपलाइन के जरिये सेक्टर 23 के नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट ( डब्ल्यू टी पी ) तक पानी पहुँचाने के लिए पाइप दबाये जा रहे हैं। इन पाइप को दबाने का लेवल सही नहीं हैं जिसके कारण किसानों का उनके

**शिकायतें सुनीं**

**8 फिर भी किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए वो वैकल्पिक उपायों पर काम कर रहे**

खेतों में जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो रहा हैं और आगे भविष्य में पाइप लाइन चालू होने के बाद उनकी फसल का पानी में डूबने का भी अंदेशा हैं।सभी ग्रामवासियों की यही माँग हैं कि इस पाइपलाइन को जमीन के नीचे दबाकर बिछाया जाये ताकि उनकी समस्या दूर हो। मौके पर मौजूद निगम के कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार ने बताया कि नहर से डबल्यू टी पी तक पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन को जमीन से नीचे बिछाना तकनीकी तौर पर सम्भव नहीं हैं।

लेकिन फिर भी किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए वो वैकल्पिक उपायों पर काम कर रहे हैं। कल वापकॉस विभाग की टीम सोनीपत का दौरा करेंगी। टीम के सभी सदस्यों के साथ मिलकर वो इस परेशानी का हल निकालेंगे।

# लोक में बहाना बना लोगे, परलोक में क्या करोगे: रमेश मुनि

## धर्म ध्यान करें, पर कभी किसी चीज का बहाना न बनाएं`इस लोक में तो बहाना बना लोगे, मगर परलोक में बहाना नहीं चलेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत श्री एस एस** जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजमान ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि धर्म ध्यान करें, पर कभी किसी चीज का बहाना न बनाएं `इस लोक में तो बहाना बना लोगे, .`आज युग ही बहानों का है` धर्म ध्यान करने के लिए हमारे पास समय नहीं है, और दुकानों पर भी खाली बैठे हैं, बच्चों ने अगर स्कूल नहीं जाना हो तो भी, सिर दर्द, पेट दर्द, का बहाना बना लेते



हैं, बहनों को अगर काम नहीं करना हो तो वो भी सिर दर्द का बहाना बना लेती है, और इन चीजों का कोई थमार्मीटर भी नहीं है, अरे कर्मों के भुगतान में कौन सा बहाना बनाओगे.? धर्म से अच्छे कर्मों से बचने के लिए बहाना बनाए जाते हैं, जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए यह बहानेबाजी छोड़ दो, अरे जवानी में खाया अन्न, कमाया धन पूरी जिंदगी बुढ़ापे में काम आएगा, पर इंसान कहता है कि, अभी तो मेरी पूरी जिंदगी पड़ी है बाद में धर्म कर दूंगा, इसी में अपना जीवन गुजार देता है` प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर के चरणों में काली - सुकाली आदि रानियों ने संसार को छोड़कर दीक्षा ग्रहण की व बड़ी लंबी तपस्या की` उन्होंने क्रोध को भस्मसात कर डाल, क्योंकि क्रोध आग है` क्रोध की आग बड़ी खतरनाक होती है इससे परिवार की खुशियां धू-धू कर जल उठती है` ऐसे में घर में थोड़े से जल की व्यवस्था कीजिए।

# 28 दिनों बाद तहसील का कार्य हुआ शुरू, हुई 40 से अधिक रजिस्ट्रियां

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पिछले करीब 29 दिनों से कलेरिकल एसोसिएशन वेतन बढोतरी की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे है। जिसके चलते प्रदेश भर में सभी विभागों में काम ठप्प पड़े है। लेकिन सरकार की ओर से इसका कोई पुख्ता हल नहीं निकला है। जिसके कारण लोगों को अपने प्रमाण पत्रों, आरसी, लर्निंग लाइसेंस, पक्के लाइसेंस, आरसी ट्रांसफर, इनकम सर्टिफिकेट सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रयां करवाने में भी परेशानी हो रही है। लोगो का कहना है कि आए दिन वे तहसील के चक्कर काट रहे है लेकिन उनकी जमीनों की रजिस्ट्रयां नहीं हो रही थी।

जिसके कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज भी 35 के करीब रजिस्ट्रयों के टोकन दिये गए है और देर शााम तक सभी रजिस्ट्रयां करने का लक्ष्य रखा गया है। तहसीलदार अम्बाला शहर ने बताया कि कर्लकों से यूजर पासवर्ड ले लिया गया है जिसके चलते अब रजिस्ट्रया फिर से शुरू हो चुकी है। गत दिवस भी छावनी, सिटी और शहजादपुर तहसील में 62 रजिस्ट्रियां हुई। इसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली। छावनी के उपमंडल कार्यालय स्थित तहसील में 16 रजिस्ट्री, सिटी तहसील में 15 और शहजादपुर तहसील में 31 रजिस्ट्री हुई।
लिपिकों द्वारा वेतन बढ़ोतरी को लेकर धरना प्रदर्शन के चलते पांच जुलाई से रजिस्ट्री व अन्य काम रुके हुए थे। लोगों की रजिस्ट्रियां, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, कोर्ट वर्क, मिसलेनियस वर्क, शादी रजिस्ट्रेशन आदि काम नहीं हो रहे थे। सरकार ने वेब हेरिस साफ्टवेयर में बदलाव करते हुए रजिस्ट्री क्लर्क का लाग इन हटा दिया। जिससे अब तहसीलदार रजिस्ट्री कर रहे हैं।

# सीएम ने क्षतिपूर्ति पोर्टल का नया स्वरूप किया लॉन्च

### नागरिक बाढ़ के कारण हुए घरों, पशुधन, फसलों और वाणिज्यिक चल-अचल संपत्ति की क्षति व नुकसान की जानकारी दर्ज करवा सकेंगे, 18 अगस्त तक खुला रहेगा पोर्टल, सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी मुआवजे की गणना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में प्रदेश में आई बाढ़ से नागरिकों को हुई कठिनाइयों को कम करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल के नये स्वरूप को लॉन्च किया है। इस पोर्टल पर नागरिक अपने घर, पशुधन, फसलों, वाणिज्यिक और चल-अचल संपत्ति की क्षति व नुकसान की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। अपने नुकसान के दावे अपलोड करने के लिए यह पोर्टल आम जनता के लिए 18 अगस्त 2023 तक खुला रहेगा। मनोहर लाल ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से हाल ही में नूंह में हुई घटना के दौरान संपत्ति को हुए नुकसान की जानकारी भी नागरिक दर्ज कर सकेंगे और एक योजना बनाकर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले क्षतिपूर्ति पोर्टल में केवल किसान ही अपनी फसलों के नुकसान का ब्यौरा दर्ज कर सकते थे। लेकिन अब सरकार ने पोर्टल में नए फीचर शामिल किए हैं, जिससे नागरिक जान-माल के नुकसान की जानकारी एक ही पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल का उद्देश्य जनता द्वारा आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को



आसान बनाना है। साथ ही प्रभावित लोगों को हुए नुकसान के समयबद्ध तरीके से सत्यापन और मुआवजे के वितरण की प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन प्रक्रिया से समय कम हो जाएगा, मुआवजे के दावे की पूरी प्रक्रिया आसान हो जाएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे इस पोर्टल का उपयोग करें। मनोहर लाल ने बताया कि इस पोर्टल पर लोग आपदा में खोए हुए पशुओं की किस्म और संख्या का विवरण अपलोड कर सकते हैं। इसी तरह, घर के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में घर का प्रकार यानी कच्चा या पक्का और उसकी क्षति के प्रकार जैसे विवरण प्रदान करना आवश्यक है। नुकसान का आकलन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के फील्ड स्टाफ द्वारा कम से कम समय में सत्यापित किया जाएगा। मुआवजे की गणना सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी और उचित प्रक्रिया के बाद व निर्धारित मानदंडों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

**चल और अचल संपत्ति के नुकसान का क्रमशः अधिकतम 50 लाख और 25 लाख रुपए मिलेगा मुआवजा:** मुख्यमंत्री ने मुआवजा संबंधी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि चल संपत्ति के मामले में 5 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए 80 प्रतिशत यानी 4 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा। 5 लाख से 10 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए 70 प्रतिशत, 10 से 20 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए 60 प्रतिशत, 20 से 50 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए 40 प्रतिशत, 50 लाख रुपए से 1 करोड रुपए तक के नुकसान के लिए 30 प्रतिशत, 1 करोड रुपए से 1.5 करोड रुपए तक के नुकसान के लिए 20 प्रतिशत का मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजे की ऊपरी सीमा 50 लाख रुपये तक सीमित की गई है। इसी प्रकार, अचल संपत्ति के मामले में 1 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए शत-प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा। 1 लाख रुपए से 2 लाख रुपए तक के नुकसान के लिए 75 प्रतिशत, 2 से 3 लाख रुपए तक के लिए 60 प्रतिशत, 3 से 5 लाख रुपए तक के लिए 50 प्रतिशत, 5 से 7 लाख रुपए तक के लिए 40 प्रतिशत, 7 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक के लिए 30 प्रतिशत का मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व आपदा प्रबंधन निधि के प्रावधानों के अनुसार मुआवजे की राशि निर्धारित है, हालांकि यह राशि कम है और सरकार इसे संशोधित करने पर विचार कर रही है।

## एचएसवीपी द्वारा वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक पानी के बिलों में 25 प्रतिशत की वृद्धि को किया माफ

**मनोहर** लाल ने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से पानी के बिलों पर 5 फीसदी प्रति वर्ष की वृद्धि के अनुसार 5 वर्षों का 25 प्रतिशत बढ़ाकर बिल देने का विषय सामने आया था। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक उन बिलों का 25 प्रतिशत माफ कर दिया गया है और 5 प्रतिशत वृद्धि अब से लागू होगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बिलों में 5 प्रतिशत की वृद्धि का सर्कुलर निकाला गया था, लेकिन डिमांड नोट नहीं भेजे। लोगों ने कहा कि एक साथ 25 प्रतिशत रेट बढ़ाना उचित नहीं है। इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2018 में जो 5 प्रतिशत की बढोतरी की थी, वह अब से लागू होगी। उन बिलों का 25 प्रतिशत माफ कर दिया है। इसके लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के लिए 42 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## कांवड़ियों की मृत्यु पर सरकार देगी 2 लाख रुपये का मुआवजा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस वर्ष कावड़ यात्रा के दौरान कुछ कावड़ियों की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई और पिछले साल की भांति इस वर्ष भी सरकार की ओर से मृतकों के परिवारजनों को 2 लाख रुपए प्रति व्यक्ति के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। अभी तक 24 व्यक्तियों की मृत्यु की सूचना है।
इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री डी एस ढेसी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त, राजस्व श्री राजेश खुल्लर, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद और सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्री विवेक कालिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नूंह हिंसा : बलिदानी को सम्मान न मिलने पर होमगार्डों ने जताया रोष

**विरोध**

**8 पुलिस अधीक्षक के कहने पर राष्ट्रीय ध्वज मंगाया गया और पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर अंतिम विदाई दी गई**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**नूंह** हिंसा में मारे गए होमगार्ड गुरसेव का पार्थिव शरीर बुधवार को उसके पैतृक गांव फतेहपुरी पहुंचने पर होमगार्डों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर पार्थिव शरीर को मान-सम्मान न दिए जाने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार रोक दिया। पुलिस अधीक्षक के कहने पर राष्ट्रीय ध्वज मंगाया गया और पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर अंतिम विदाई दी गई। बुधवार को नूंह हिंसा में बलिदान देने वाले गुरसेव का पार्थिव शरीर जब गांव फतेहपुरी पहुंचा तो पूरा गांव शहीद के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़ पड़ा। काफी संख्या में ग्रामीण और होमगार्ड के जवान भी गुरसेव को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। होमगार्ड के पार्थिव शरीर पर तिरंगा न देखकर होमगार्डों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। वहां मौजूद ग्रामीणों व होमगार्ड के जवानों ने शहीद को राजकीय मान-सम्मान न दिए जाने पर रोष जताते हुए संस्कार को रुकवा दिया। होमगार्ड के जवानों का कहना था कि उनसे वायदा किया गया था कि शहीद गुरसेव को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी, लेकिन शहीद को तिरंगे में लपेट कर भी नहीं लाया गया। होमगार्ड जवानों ने कहा कि प्रदेश सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जब पुलिस के साथ मिलकर वे ड्यूटी करते हैं तो हर बार उन्हें आगे कर दिया जाता है लेकिन जब कोई जवान शहीद हो जाता है तो उसे कोई सम्मान नहीं दिया जाता। उन्होंने मांग की कि गुरसेव की मौत ऑन ड्यूटी हुई है। उसे पूरे राजकीय सम्मान के साथ व तिरंगे में अंतिम विदाई दी जाए। मौके पर पहुंची जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने ग्रामीणों से बातचीत की। बाद में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को मंगवाया गया और इसके बाद गमगीन माहौल में शहीद गुरसेव को अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार से पहले बलिदान देने वाले होमगार्ड के पार्थिव शरीर पर सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला, जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष स. निशान सिंह, कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र बबली के भाई विनोद बबली, पूर्व कृषि मंत्री परमवीर सिंह, कांग्रेस के पूर्व

## नूंह हिंसाः उपायुक्त कार्यालय तक किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इण्डिय कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला नूह में हुईभीषण आगजनी न नर संहार के विरोध स्वरूप इस भयानक हादसे का कड़ा विरोध अपनाने के चलते धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में नगर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ साथ भाजपा सहित अनेक विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओ ने मोहन नगर चोंक से ले कर उपायुक्त कार्यालय तक रोष प्रदर्शन किया वे उपायुक्त कार्यालय के समक्ष नूह में इन गतिविधियों को प्रचारित कर पूरे प्रदेश में दहशत फैलाने वाले समाजविरोधी लोगो के पुतले का दहन कर उपायुक्त को अपने अपने संगठनों कीओर से पत्र सौंपे गए।

# नूंहः फिर हुई शांति कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम/नूंह**
**नूंह में धा**र्मिक यात्रा पर हुए हमले के बाद जिला में शांति बहाल करने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार ने अपने कार्यालय में शांति कमेटी की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि नूंह जिला में वर्षों से लोगों के बीच भाईचारा बना हुआ है, ऐसे में यहां के मौजिज लोग इसे और मजबूत करने में जिला प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने बृजमंडल धार्मिक यात्रा के दौरान हुई हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि मौजिज लोग



आम जन जीवन को पुनः पटरी पर लाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में जिला के विभिन्न गांवों के सरपंचों सहित अन्य मौजिज लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिला में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

**6 जिलों के आईपीएस अधिकारी कर रहे मॉनिटरिंगः** डीसी प्रशांत कुमार ने बताया कि 6 जिलों के आईपीएस अधिकारी नूंह जिला की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में गिरफतारियां चल रही हैं और आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर पहलु की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित मौजिज लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों से दूर रहें और किसी के बहकावे में आकर सामाजिक ताने-बाने को क्षति ना पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि नूंह जिला में आम जन के जीवन को पहले की भांति सामान्य करने में समाज के मौजिज लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# 'सब डिविजन स्तर पर पानी की जांच लैब खोली जाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि बरसात के दिनों में लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध जल मिले। इसके लिए सभी अधिकारियों को समय-समय टैस्टिंग और कैलोरीनेशन करने के निर्देश दिए गए है। सहकारिता मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की हर जिला स्तर पर पानी की जांच करने की लैब स्थापित हैं। सरकार की ओर से सब डिवीजन स्तर पर भी पानी की जांच लैब खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव स्तर पर टेस्टिंग किट भी मुहैया करवाई जा रही है ताकि ग्रामीण व्यक्ति भी पानी की गुणवत्ता जांच सकें। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य के किसानों की समस्त बकाया गन्ना राशि का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि चालू वित वर्ष के दौरान सहकारी चीनी मिलों ने 490 लाख किव्ंटल गन्ने की खरीद की जिसकी 1819 करोड़ रुपए की राशि देय बनती है। राज्य सरकार ने 441 करोड़ रुपए ऋण के रूप में देकर इस राशि का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव किसान हित में कार्य कर रही है और किसानों के हित में ही निर्णय लेकर आत्मनिर्भर बनाने पर बल दे रही है।

# नूंह में हुआ जेहादी, आतंकवादी हमलाः समग्र हिंदू सेवा संघ

### ज्ञापन सौंपकर ऐसे लोगों पर की कार्यवाही की मांग, नूंह की घटना के दोषियों के घरों पर बुल्डोजर चलवाने की भी मांग



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
गुरुग्राम के डीसी के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को समग्र हिंदू सेवा संघ ने बुधवार को एक ज्ञापन भेजा। इस ज्ञापन में दोषियों के घरों पर बुल्डोजर चलवाने, मृतकों के परिवारों को 5-5 करोड़ रुपये और घायलों को 2-2 करोड़ रुपये देने की मांग के साथ सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ? वालों पर तुरंत कार्यवाही की मांग की गई है। इसके साथ ही गृह मंत्री से मांग की गई है कि वे हरियाणा सरकार को गुंडा एक्ट बनाने के लिए निर्देश दें। नुकसान की भरपाई ऐसे जेहादी लोगों से वसूली करके करने की बात भी कही है। समग्र हिंदू संघ के नेताओं संरक्षक महावीर भारद्वाज, नत्थू सिंह सरपंच, ब्रह्मप्रकाश कौशिक, राजीव मित्तल, कुलभूषण भारद्वाज, चेतन शर्मा, नरेश कटारिया, डा. अंजू रावत नेगी, कृष्ण भारद्वाज, रामअवतार शर्मा, रिनू गुप्ता, जितेंद्र, गौरव, कृष्ण शर्मा ने कहा कि ने कहा कि मिनी पाकिस्तान के रूप में विकसित हो रहे मेवात क्षेत्र का स्थायी समाधान करने की दिशा में कठोर कदम उठाए जाएं। समग्र हिन्दू सेवा संघ ने उपायुक्त को बताया है कि 6 दिसंबर 2021 को संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति तथा मुस्लिम इमाम संगठन के बीच जिला प्रशासन की उपस्थिति में आम सहमति बनी थी कि गुरुग्राम में अवैध रूप से की जा रही नमाजों को बंद किया जाता है।

# सरकार ने 'नो लिटिगेशन पॉलिसी -2023' लागू की, अधिसूचना जारी

### पॉलिसी में मानेसर तहसील के भूस्वामियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है, इस पॉलिसी को 7 जुलाई को हरियाणा मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी थी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने "नो लिटिगेशन पॉलिसी-2023" की अधिसूचना जारी कर दी है। इस पॉलिसी में मानेसर तहसील के भूस्वामियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है। इस पॉलिसी को 7 जुलाई को हरियाणा मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी थी। आईएमटी मानेसर का एक्सपेंशन करने के लिए कुछ लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया गया। एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक यश गर्ग ने बुधवार को बताया कि भूस्वामियों की स्वैच्छिक भागीदारी के लिए "नो लिटिगेशन पॉलिसी -2023" बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस पॉलिसी का उद्देश्य गुरुग्राम जिला के मानेसर तहसील के गांव कासन, कुकरोला और शेरावां गांव के उन भूमि मालिकों को लाभ प्रदान करना है, जिनका नाम 16 अगस्त 2022 को अवॉर्ड नंबर 1 , 2 तथा 3 अनाउंस हुआ था। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2011 को "लैंड एक्विजिशन एक्ट 1894" के सेक्शन-4 के तहत उक्त अवॉर्ड बारे अधिसूचना जारी की गई थी।
इस बारे में स्वयं से उन्होंने अंडरटेकिंग भी दी थी, जो पॉलिसी में वर्णित है। इसके अलावा यह इस शर्त के अधीन होगा कि भूस्वामी अपनी भूमि के अधिग्रहण को चुनौती नहीं देंगे, 16 अगस्त 2022 को घोषित अवॉर्ड के



अनुसार दिए गए मुआवजे को स्वीकार करेंगे और इन अवॉर्ड्स में घोषित मुआवजे की राशि में वृद्धि की मांग नहीं करेंगे और अधिग्रहण की भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय में किये गए वे सभी केस वापस ले लेंगे। गर्ग ने बताया कि जो भूमि मालिक एक अंडरटेकिंग देंगे वही कम्पेन्जेशन-अवॉर्ड के अतिरिक्त लाभ के हकदार होंगे।
प्रत्येक भू-स्वामी, जिनकी भूमि गांव कासन, कुकरोला और शेरावां राजस्व सम्पदा में अधिग्रहित की गई है, जो अधिग्रहण या मुआवजे के लिए मुकदमा नहीं करने का वचन देते हैं तो वे अधिग्रहित प्रत्येक एक एकड़ भूमि के लिए 1000 वर्ग मीटर के अनुपात में आनुपातिक आधार पर विकसित आवासीय या विकसित औद्योगिक भूखंड आवंटित करने के विकल्प का प्रयोग करने के पात्र होंगे इन विकसित आवासीय या औद्योगिक भूखंडों के भूमि मालिकों को आवंटन की दर, जैसा भी मामला हो, भूखंड की विशेष श्रेणी (आवासीय या औद्योगिक) के लिए नोडल एजेंसी एचएसआईआईडीसी द्वारा पहले फ्लोटेशन के समय निर्धारित आरक्षित मूल्य के बराबर होगी।

## पद्म पुरस्कार विजेताओं को सार्वजनिक समारोह में दे प्राथमिकताः संजीव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने मंडलायुक्त और उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि राज्य में आयोजित किए जाने वाले सार्वजनिक समारोहों व महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हरियाणा के पद्म पुरस्कार विजेताओं को विशिष्ट उपस्थिति के लिए निमंत्रण दें। जारी पत्र अनुसार राष्ट्र की असाधारण और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पद्म पुरस्कार दिए जाते हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं की जीवन भर की उपलब्धियाँ और योगदान दूसरों के लिए प्रेरणादायी होते हैं और लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# कैथलः धोखाधड़ी कर आधा एकड़ जमीन अपने नाम लिखवाई

**केस दर्ज**

**8 इकरारनामा लिखवाने के बाद पति-पत्नी ने रुपए मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी**

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
चार लोगों ने मिलकर पहले एक व्यक्ति की आपत्तिजनक हालत में वीडियो बनाई और बाद में उसकी पत्नी को दिखाकर ब्लैकमेल कर आधा एकड़ जमीन का इकरारनामा अपने नाम लिखवा लिया। इकरारनामा लिखवाने के बाद जब पति-पत्नी ने रुपए मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बुधवार को पत्नी की शिकायत पर ढांड थाना में 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता पत्नी ने बताया कि जब उसके पति की वीडियो बनाई गई तब वह नशे की हालत में था। गांव संगरौली निवासी ललिता रानी ने ढांड थाना में शिकायत दी कि उसका पति साधारण प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उनकी आधा एकड़ जमीन गांव माजरा रोडान में सड़क के ऊपर है, जो उसके बेटे गुरुकुल शर्मा के नाम है। उसका बेटा अभी नाबालिग है।
करीब 40/45 दिन पहले उसके पति के साथ उसके दोस्त मेवा राम माजरा रोडान, विरेंद्र सिंह अमुपुर, सप्पटर सिंह व उग्र सिंह आए। वह रसोई में थी और वह सब घर के अंदर बैठे थे। उसी समय मेवा सिंह ने उसे आवाज लगाकर बुलाया और एक वीडियो दिखाने की बात कही। मेवा सिंह ने मोबाइल में उसे एक वीडियो दिखाइ, जिसमें उसका पति नशे की हालत में आपत्तिजनक स्थिति में था।

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने वाले नायकों को किया सम्मानित

### डीजी शत्रुजीत कपूर ने पंचकूला रेंज के 17 शिकायतकताओं को दिए सम्मान पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा राज्य सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा के विजन को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। पंचकूला में एसीबी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता एंटी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने की। इस अवसर पर श्री कपूर ने पंचकूला रेंज के 17 शिकायतकताओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इन्होंने आगे आकर भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करके असाधारण



साहस का प्रदर्शन किया है।

**सभी रेंजों में किया जाएगा सम्मानितः** इसी तरह के सम्मान समारोह इस सप्ताह अंबाला, करनाल, रोहतक, हिसार, गुरुग्राम और फरीदाबाद सहित एसीबी की सभी रेंज कार्यालयों में भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें कुल 132 शिकायतकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाला असली नायकः** अपने संबोधन में श्री कपूर ने भ्रष्ट अधिकारियों को बेनकाब करके

**सम्मान**

**8 कार्यक्रम की अध्यक्षता एंटी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने की**

एक ईमानदार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए शिकायतकर्ताओं की सराहना करते हुए उन्हें असली नायक बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को देखते हुए आगे आकर शिकायत करना कोई आसान काम नहीं है। पूरे मामले की कार्यवाही के दौरान शिकायतकर्ताओं को बहुत दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके द्वारा आगे आकर किया गया कार्य राष्ट्र की सेवा और राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त शासन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**कोई परेशान करे तो तुरंत करे रिपोर्टः** शिकायतकर्ताओं से बातचीत करते हुए श्री कपूर ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि इस दौरान उनके समक्ष अगर किसी तरह का उत्पीड़न या दबाव बनाया जाता है तो उससे तुरंत निपटा जाएगा। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को ऐसे मामलों की रिपोर्ट संबंधित जांच अधिकारी या टोल-फ्री नंबर 1800-180-2022 पर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में हुए दंगों के अपराधियों को मिले कठोर सजा : स्वामी कैलाशपुरी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महाकाल भैरव** अखाड़ा के सुप्रीमो स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि हरियाणा में हुए दंगों के अपराधियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जात पात के नाम पर दंगों की आड में जो साजिश रच रहे हैं, उन्हें कतई न बख्शा जाए। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यो की तारीफ करते हुए कहा कि जिस साजिश के तहत दंगों को हवा दी गई थी। उससे बडी अनहोनी हो सकती थी, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सूझबूझ और उनकी कार्यप्रणाली ने दंगों की आग को भडकने से रोका, जिससे अब माहौल शांत हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को संत करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निष्काम भाव से हरियाणा की जनता की सेवा में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोग साजिश करके तथा जात पात के नाम पर दंगों को भडकाकर हरियाणा का माहोल खराब करना चाहते हैं। ऐसे अपराधियों को कठोर दंड दिए जाने की जरूरत है।

ज्ञानव्यापी को लेकर स्वामी कैलाशपुरी जी महाराज ने कहा कि एक इंटरव्यू के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जो विचार प्रकट किए हैं वह बिल्कुल वाजिब हैं। यूपी के मुख्यमंत्री का कथन बिल्कुल सही है कि यदि मस्जिद में भगवान शिव के अंश मौजूद हैं तो फिर वो कहां से आए। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह सुझाव कि इस समुदाय को ऐतिहासिक भूल मानते हुए सच को स्वीकार कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शिव शंकर केवल एक देवता ही नहीं है बल्कि समूची सृष्टि और ब्रह्मांड का आधार हैं। वह जर्रे जर्रे में मौजूद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब जब धरती पर रहने वाले लोगों ने प्राकृतिक से छेडछाड की है। तो भगवान शिव ने अपना रौद्र रूप भी दिखाया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**जागरूक**

**8 नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया आदि पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है, जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं**




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज के इस** तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर आदि पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे-बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया आदि पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है, जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं। साइबर अपराधी लोगों की इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पंहुचा देते हैं। इसी क्रम में आज साइबर अपराध थाना की टीम ने सेमिनार लगाकर निसिंग कस्बा के सरकारी स्कूल में बच्चों को साइबर अपराधो के प्रति जागरूक किया। साइबर टीम ने बच्चो को बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों सुरक्षित को रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति से सम्पर्क नहीं करना चाहिए। किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अंजान नम्बर से आने वाली फोन कॉल, वीडियो कॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए और न ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर नहीं करनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपने आप को बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकरी जैसे-बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट-डेबिट कार्ड नम्बर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नम्बर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है, तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि कभी भी किसी भी बैंक, वित्तीय संस्थान आपसे आपकी व्यक्ति जानकारी सांझा करने की नहीं कहता है। टीम ने बच्चों को बताया कि जब भी बैंकिंग संबंधी कोई समस्या आती है तो बैंक के अधिकृत ग्राहक सेवा नम्बर या ईमेल पर ही सम्पर्क करें या नजदीकी शाखा में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। सोशल मीडिया साईट्स से किसी भी अनचाही ऐप्लिकेशन को डाउनलोड नही करना चाहिए। सस्ते के चक्कर में किसी अनाधिकृत शॉपिंग साईट्स से खरीददारी नहीं करनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आपका परिचित बनकर किसी आपातकालीन स्थिति की बात कहकर आपसे रूपयों की मांग करता है तो पहले उस संबंध में जांच कर लेनी चाहिए।

कोई व्यक्ति आपको सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल करके रूपयों की मांग करता है तो उस व्यक्ति को रुपए ना दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

साइबर टीम ने बताया कि इस प्रकार हम छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर अपने आप को साइबर अपराधियों से बचाकर रख सकते हैं और अपने आप को होने वाली मानसिक व आर्थिक हानि से बचा सकते हैं। इस दौरान साइबर अपराध थाना प्रबंधक निरीक्षक राजीव मिगलानी, एसएचओ निसिंग अजायब सिंह, पीएसआई चांद राम, मुख्य सिपाही बलिंद्र सिंह, स्कूल का अध्यापक स्टाफ व करीब 450 बच्चे मौजूद रहे।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भागे हुए** जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया, ताकि जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 13 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई।

सीजेएम द्वारा उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कारागार** में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमे 5 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया था। सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अर्थॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में जेल अधीक्षक अमित भादू और जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी मौजूद रही। जिला जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम जसबीर कौर को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।



## मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ली सभी योजनाओं के कर्मचारियों की बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**ग्राम** पंचायत सलारू में बुधवार को संरक्षण योजना के तहत मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने सभी योजनाओं के कर्मचारियों की बैठक ली, जिसमें मनरेगा कार्य का रिव्यू किया। हरियाणा राज्य आजीविका मिशन वन विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व अन्य विभागों से आए हुए कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। गौरव कुमार ने गांव में जिस स्कीम से गांव में अधिक से अधिक विकास कार्य हो सके, सभी को उसमें रुचि लेकर करना है। गांव में डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के लिए सफाई कर्मचारी लगाने के लिए सरपंच व ग्राम सचिव को आदेश दिए, ताकि घर घर से कचरा उठाया जा सके और उसका प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने बताया कि सूखा कचरा अलग और गीला कचरा अलग होना चाहिए।



## नोडल अधिकारी ने रजिस्टर्ड तीन केन्द्रों का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उप सिविल** सर्जन (प.क.) करनाल एवं नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ. शीनू चौधरी द्वारा जिला नागरिक अस्पताल के प्रसूति विभाग का दौरा किया गया तथा आदेश दिए गए कि अस्पताल में जो भी गर्भवती महिला चैकया एमटीपी करवाने हेतु आती है, उसका एमसीटीएस नम्बर लेना सुनिश्चित करें और ओपीडी में खड़ी सभी महिलाओं को अवगत करवाया कि आगे से वे अपना एमसीटीएस नम्बर साथ लाना सुनिश्चित करें।

## हर वर्ग भाजपा के खिलाफ आंदोलनरत: सुमिता सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपिंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 6 अगस्त को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी लोगों से रूबरू होंगे। कार्यक्रम का आयोजन एसबीएस मॉडल स्कूल रेलवे रोड में किया जाएगा।

आज सुमिता सिंह ने शहर की आनंद विहार कॉलोनी स्थित रमेश जोगी के निवास पर एकत्रित लोगों को जन मिलन कार्यक्रम का न्यौता दिया और उनसे कार्यक्रम बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। आनंद विहार कॉलोनी के लोगों ने फूल मालाओं से पूर्व विधायक का स्वागत किया।


सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है, जो कि हरियाणा में बदलाव का स्पष्ट संकेत दे रही है। आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलनरत है। फिलहाल क्लर्कों का आंदोलन चल रहा है। उनसे बातचीत कर मांगों पर गंभीरता से विचार करने की बजाय सरकार इनकी सैलरी पर कैंची चला रही है, जो जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रदेश में लगातार किसान एमएसपी और मुआवजे के लिए, युवा रोजगार के लिए, मजदूर दिहाड़ी के लिए, सरपंच अधिकारों के लिए, कर्मचारी ओपीएस के लिए और बच्चे स्कूल में टीचर के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसी भी मसले का संतोषजनक समाधान नहीं निकाल पाई है। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर सरकार की विफलता और उसकी अत्याचार जनता में रोष की वजह बने हुए हैं। जनता लोकतांत्रिक तरीके से वोट की चोट से चुनाव में अपने रोष का इजहार करेगी।

सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा में चारों तरफ अपराध का बोलबाला है और अपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## वजन घटाने का एक विकल्प इंटरमीडिएट फास्टिंग भी है: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में आईसीएआर, गेंहू एवम जौ अनुसंधान केंद्र में मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी ने साधकों को योगाभ्यास करवाया। अनुसंधान केंद्र के निर्देशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह और अन्य वैज्ञानिक प्रतिदिन योगाभ्यास कर रहे हैं। डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने दिनेश गुलाटी के निस्वार्थ सेवा भाव और मिशन के उद्देश्य की सराहना की।

दिनेश गुलाटी ने वजन और पेट को कम करने के लिए कई तरह की योगिक सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया, जिसमें नाडी संचालन, आगे और पीछे की ओर झुकने वाली क्रियाएं, कमर और पेट की चर्बी को कम करना, हस्त पादासन आदि शामिल थे। योग शिक्षिका नीलम बटला ने कई तरह के प्रभावकारी आसनों का अभ्यास करवाया। योग सत्र के दौरान दिनेश गुलाटी ने बताया कि आजकल गलत खानपान और भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं। वे वेट लॉस के कई तरीके अपनाते हैं, परंतु इन सबमें योग सर्वोत्तम है। उन्होंने कहा कि वजन घटाने का एक विकल्प इंटरमीडिएट फास्टिंग भी है। जिसके लिए उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे तक भोजन कर लें और उसके पश्चात अगले दिन सुबह के नौ बजे तक कुछ ना खाएं, क्योंकि हमारी पाचन क्रिया सूर्योदय के समय अधिक बलवान होती है और सूर्यास्त के समय पाचन क्रिया धीमी पड़ जाती है, इसलिए सूर्यास्त होने के बाद अगले सूर्योदय तक उपवास रखें। इस बीच पानी का सेवन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया से शरीर से टॉक्सिंन बाहर होते हैं और व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ रह सकता है। इंटरमीडिएट फास्टिंग के दौरान इन 16 घंटों में शरीर में पाचन तंत्र और दूसरे अंगों को आराम करने का समय मिलता है और पानी अधिक पीने के कारण विजातीय तत्व मूत्र के द्वारा बाहर निकल जाते हैं। योग साधकों ने समय पर पहुंचकर योग प्राणायाम का लाभ लिया।



## मेवात में सुनियोजित हमले के खिलाफ हिन्दू संगठन उतरे सड़कों पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेवात क्षेत्र** में स्थित हिन्दू धार्मिक स्थलों पर हर वर्ष की जाने वाली धार्मिक ब्रजमंडल शोभा यात्रा पर हुए सुनियोजित हमले के दौरान एक समुदाय के लोगों द्वारा आगजनी, तोडफोड़ और हत्याओं की वारदात के विरोध में जिले के धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने आज शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर करनाल के सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में हिंदू व सामाजिक संगठनों के तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहे। यहां उन्होंने एक सभा की, जिसमें 31 जुलाई को मेवात के नुहं में धार्मिक यात्रा पर पहले से निर्धारित हमले, तोडफोड़, लूटपाट, आगजनी और हत्याओं पर जमकर आक्रोश प्रकट किया और इस घटना को हिंदू धर्म के ऊपर हमला बताते हुए इसमें शामिल सभी उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में मौजूद शहर के सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह कोई अचानक हुआ घटना नहीं थी, बल्कि सुनियोजित तरीके से हिंदुओं को डराने और उन्हें धार्मिक रीति-रिवाजों से रोकने का प्रयास था।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी ऑटो** थेफ्ट की टीम व डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें व एक बैटरी बरामद की गई है।

चोरी के पहले मामले में एंटी ऑटो थेफ्ट की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर नेवल-कुंजपुरा रोड से आरोपी शुभम उर्फ सुबी पुत्र विनोद कुमार वासी नवीपुर थाना कुंजपुरा को गिरफ्तार किया गया, जिससे दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी शुभम द्वारा थाना सेक्टर 32-33 और थाना सिविल लाइन के एरिया से दो मोटर मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना सेक्टर 32-33 और सिविल लाइन में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

चोरी के दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी रवि पुत्र मदनलाल वासी दयानंद कॉलोनी करनाल को रामनगर एरिया से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से एक बैटरी व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने 28 जुलाई को शिकायतकर्ता राहुल वासी हांसी रोड करनाल के ऑटो की बैटरी चोरी की थी। इस संबंध में थाना शहर करनाल में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी करीब 4 मुकदमे मोबाइल चोरी और मोटरसाइकिल चोरी के दर्ज हैं। आरोपी नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए चोरी करता है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## संपादकीय

# मेवात में हिंसा

**मेवात** की धरती भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। यह उनकी क्रीडा स्थली रही है। यह यात्रा नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर श्रृंगार मंदिर पुन्हाना में संपन्न होती है। इन दोनों स्थानों का महत्व श्रीकृष्ण के नाम के साथ जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहीं श्रीकृष्ण विराजमान हुए थे और उन्होंने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर उन्होंने कौरवों-पांडवों के मध्य संधि करवाने का प्रयास किया था। श्रृंगार मंदिर वह स्थान है जहां पर वहां के लोगों ने श्रीकृष्ण के बाल्यकाल में उनका श्रृंगार किया था। इसलिए इसका नाम श्रृंगार मंदिर पड़ा। पुन्हाना का नाम भी 'भगवान पुनः आना' के आधार पर रखा गया है। यहां फिरोजपुर झिरका में स्थित झीर महादेव मंदिर भी वही स्थान है जहां पांडवों ने अज्ञातवास का समय बिताया था। इसलिए मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आए हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है। आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी उनका प्रतिशत बहुत कम है। आये दिन हिंदू विरोधी घटनाएं होती रहती है। तो क्या मेवात की पहचान हिंदू विरोधी बननी चाहिए या फिर भगवान श्रीकृष्ण? प्रश्न सीधा है पर उत्तर कठिन। मेवात का सौहार्द बना रहे, यहां सभी मिल-जुल कर रहे। 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' का भाव चरितार्थ हो। यहां का हिंदू समाज अपने आप को अकेला व असहाय न समझे। हरियाणा का सारा समाज मेवात के साथ खड़ा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में हरियाणा भर से लोग इसमें हिस्सा लेते हैं। इस बार श्रृंगार की कलश यात्रा में एक हजार महिलाओं ने भाग लिया, इस उत्साह व उमंग से भी इस यात्रा के प्रतिवर्ष बढ़ते महत्व को देखा जा सकता है। सुरक्षा में चूक, जिम्मेदारी किसकीः 31 जुलाई दिन को सुबह 11 बजे शिव मंदिर से जलाभिषेक किया गया। उसके बाद यात्रा ने श्रृंगार के लिए प्रस्थान किया तो दोपहर 1 बजे के करीब खेड़ला चौक के पास उग्र भीड़ ने यात्रा पर हमला कर दिया। तीन बजे तक उग्र भीड़ द्वारा नूंह व आसपास के इलाकों में आगजनी तथा तोड़फोड़ होने लगी। इसके बाद प्रशासन व कुछ सामाजिक संगठनों के आह्वान पर दुकानें बंद करवा दी गईं। शाम चार बजे तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया। उसके पश्चात पास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल आना शुरू हुआ। छह बजे के पास मंदिर परिसर में आश्रय लिए शिवभक्तों को पुलिस ने निकालना प्रारंभ किया। इस सारे घटनाक्रम में प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियां संदेह के घेरे में आती है या यूं कहें कि प्रशासन ने इस यात्रा को लेकर जिस गंभीरता के साथ तैयारी करनी चाहिए थी, वह नहीं की। वरना क्या कारण है कि पांच हजार लोगों की सुरक्षा में केवल सौ पुलिस कर्मी ही लगाए गए। यात्रा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या हमलावर तत्वों को देखते हुए कम सिद्ध हुई।

# एमपी में भाजपा के मजबूत संगठन से कैसे निपटेगी कांग्रेस

**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

> "पटवारी परीक्षा में व्याप्त अनियमितता को प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों के साथ अन्याय बताया। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम को पुन: लागू करने की योजना भी बताई। पुरानी पेंशन कांग्रेस के संकल्प-पत्र में शामिल है। एमपी में कांग्रेस शासन में मनमाड इंदौर रेल लाइन के प्रयासों में कमलनाथ की सरकार के दौरान किये गए प्रयासों का जिक्र किया। सरकार आने पर मनमाड इंदौर रेल लाइन के लिए पूरे प्रयास किये जाएंगे। शिवराज की लाडली लक्ष्मी योजना के मुकाबले कमलनाथ की नारी सम्मान योजना में अलग और बेहतर क्या है ? इस बारे में कांग्रेस नेता बाला बच्चन ने कहा कमलनाथ की 15 माह की सरकार में निराश्रित, विधवा, बुजुर्ग पेंशन बढ़ाई गई थी"

**मध्यप्रदेश** में कमलनाथ आदिवासी समाज के सबसे बड़े हितैषी है। उनके पास भाजपा के संगठन से निपटने की बेहतर और विश्वनीय योजना है। यह कहना है एमपी के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन का उनसे प्रदेश की राजनीति, आदिवासी समाज की स्थिति, जयस के बढ़ते कदम, आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की तैयारियां, प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री सहित अनेकों सवाल किये। हर सवाल का बेबाकी और पूर्ण आत्मविश्वास से जवाब दिया गया। बाला बच्चन एमपी में कांग्रेस पक्ष की और से बड़ा आदिवासी चेहरा है। वे पांच बार बड़वानी जिले से विधायक रहे, कमलनाथ की सरकार में गृहमंत्री रहें, दिग्विजयसिंह सरकार में भी मंत्री रह चुके है। वें विपक्ष के नेता का पद भी सम्भाल चुके है। विधानसभा चुनाव 2023 हेतु मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रचार अभियान समिति के सदस्य भी बनाए गए है। उनका साफ कहना है कि 2023 के अंत मे होने वाले विधानसभा चुनाव में एमपी में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ होंगे। एमपी में आदिवासी एवं दलित समुदाय के विरुद्ध हो रहे अत्याचार के बारे में उनका साफ कहना है, प्रदेश मे कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। सीधी की घटना शिवराज सरकार की नाकामी का उदाहरण है। इस घटना में भाजपा कार्यकर्ता का नाम सामने आया है। प्रदेश में आदिवासी दलितों और महिलाओं पर हो रहें अत्याचार, अन्याय में हर जगह सत्ता के नशे में चूर भाजपा कार्यकताओं का नाम शामिल है। शिवराज सरकार आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार रोकने में असफल सिद्ध हुई है। कांग्रेस की सरकार बनते ही हम कानून व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। प्रदेश में आदिवासियों, दलितों, महिलाओं और आमजनता के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार को रोकेंगे। प्रदेश में व्याप्त जंगल राज को खत्म करंगे, कानून का राज स्थापित करेंगे। मध्यप्रदेश में लंबे समय से आदिवासी मुख्यमंत्री चेहरे की मांग की जा रही है, इस पर उन्होंने साफगोई से कहा कमलनाथ आदिवासी समाज के सबसे बड़े हितैषी है। उनके मन मे आदिवासियों के प्रति गहरी संवेदना हैं, समाज के लिए बहुत चिंताए है, वे आदिवासी समाज की बेहतरी, विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रहें है। छिंदवाड़ा आदिवासी बाहुल्य




जिला हैं। जहां से 9 बार सांसद सदस्य रहें है। उन्हें कार्य करने का लम्बा ओर पर्याप्त अनुभव है। जहाँ तक आदिवासी मुख्यमंत्री की बात है कांग्रेस में विधायक दल का नेता चुना जाता है। उसे ही मुख्यमंत्री बनाया जाता है। कमलनाथ के मन मे प्रदेश के आदिवासियों के विकास और उन्नति की जो चिंताए है। वह उन्हें आदिवासी समाज के हित मे सोचने वाला बड़ा चेहरा बनाती है। जमीनी स्तर पर भाजपा के मजबूत संगठन से कैसे निपटेगी कांग्रेस जबकि भाजपा के जवाब में काँग्रेस की सांगठनिक क्षमता बेहद कमजोर नजर आती है? इस सवाल के जवाब में बाला बच्चन का कहना है कि कमलनाथ ने कांग्रेस संगठन में सक्रियता लाने हेतु बूथ प्रभारी, मंडलम प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और पन्ना प्रभारी नियुक्त किये है। इन नियुक्तियों पर सम्पूर्ण प्रदेश में कार्य हो रहा है। कांग्रेस की प्रादेशिक इकाइयों को मजबूत किया है, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई को भी सक्रिय, भरोसेमंद और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम किया है। संघठनो को जनता के लिए लड़ने हेतु प्रेरित किया है। अब कमलनाथ के प्रयास रंग लाने लगे है। कांग्रेस का संगठन प्रदेश में भाजपा के कुशासन के खिलाफ लगातार लड़ता भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश में कांग्रेस संगठन में बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय किया है। वर्ष 2018 के चुनाव के पहले एमपी विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की संख्या मात्र 57 थी। कमलनाथ ने 6 महीने पूर्व ही जिम्मेदारी ग्रहण की थी और एमएलए की संख्या 114 तक पहुचा दी थी। वें कुशल संगठनकर्ता है। अब जबकि उन्हें 5 वर्ष का समय मिला है। कांग्रेस संगठन प्रदेश में मजबूत स्थिति में है, भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम है। प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चल रहे 15 महीने बनाम 15 साल की बहस को उन्होंने जनता की आवाज बताते हुए कहा कि यह जनता के मन की आवाज है। 15 महीने का कमलनाथ सरकार का कार्यकाल 15 बरस के भाजपा के शिवराज के शासन से अधिक कारगर एवं जनहितैषी रहा है। किसानों के कर्जे माफ करने की प्रक्रिया चल रही थी। अपराधियों, माफियाओं पर कढ़ी कार्यवाहियां की जा रही थी। मिलावट के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा हुआ था, शुद्ध के खिलाफ युद्ध का शंखनाद शुरू हुआ था। बिजली का बिल कम हुआ था। प्रदेश में असली सुशासन का दौर शुरू हुआ था। औद्यौगिक जगत में उत्साह का माहौल था। इन्वेस्टर्स मप्र आना चाह रहे थै, उन्हें कमलनाथ पर विश्वास था। इसलिए जनता में 15 माह के सुशासन ओर 15 साल के कुशासन की तुलना होती है। 15 माह के सुशासन की जनता तारीफ करती है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार बनाने के लिए प्रदेश की जनता आतुर है। इंजीनियर से नेता बने बाला बच्चन ने शिवराज सरकार में व्याप्त बेरोजगारी और नियुक्तियों में गड़बड़ी का जिक्र भी किया। उन्होंने पटवारी परीक्षा में व्याप्त अनियमितता को प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों के साथ अन्याय बताया। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम को पुनः लागू करने की योजना भी बताई। पुरानी पेंशन कांग्रेस के संकल्प-पत्र में शामिल है। एमपी में कांग्रेस शासन में मनमाड इंदौर रेल लाइन के प्रयासों में कमलनाथ की सरकार के दौरान किये गए प्रयासों का जिक्र किया। सरकार आने पर मनमाड इंदौर रेल लाइन के लिए पूरे प्रयास किये जाएंगे। शिवराज की लाडली लक्ष्मी योजना के मुकाबले कमलनाथ की नारी सम्मान योजना में अलग और बेहतर क्या है ? इस बारे में कांग्रेस नेता बाला बच्चन ने कहा कमलनाथ की 15 माह की सरकार में निराश्रित, विधवा, बुजुर्ग पेंशन बढ़ाई गई थी। कन्या विवाह की राशि मे भी वृद्धि की गई थी। अब जबकि 2023 में चुनाव है कांग्रेस ने अपने संकल्प-पत्र में नारी सम्मान योजना को शामिल किया है। जिसमे 1500 रु माह 18 से अधिक आयु की महिलाओ को प्रदान किये जाएंगे। भाजपा के राज में गैस के भाव आसमान छू रहे है। इस महंगी गैस ने आमजन की कमर तोड़ दी है। इस मंहगाई के दौर जनता और गृहणियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 500 रु गैस सिलेंडर के लिए दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। अमित शाह सहित केंद्रीय नैतृत्व का बार-बार भोपाल आना क्या प्रदर्शित कर रहा है? भाजपा का नैतृत्व बार-बार हिमाचल भी गया था, बंगाल भी गया था और कर्नाटक भी गया था। वहां भी पीएम नरेंद्र मोदी का चेहरा सामने था। वहां की जनता ने भाजपा को अस्वीकार कर दिया। एमपी में भी जनता भाजपा के कुशासन से नाराज है। सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर उन्होंने कहा कि मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनता बड़ी उत्साहित है। राजपुर विधानसभा सहित खरगोन-बड़वानी जिले की आदिवासी बाहुल्य 10 विधानसभाओं में तो कांग्रेस विजयी होगी ही, कमलनाथ के नैतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेश में 150 से अधिक विधायक कांग्रेस के विजयी होंगे। मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नैतृत्व में कांग्रेस की सरकार गठित होगी। आदिवासी छात्र संगठन जयस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों के सामने चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा इन परिस्थितियों में आदिवासी छात्र संगठन ही नही सम्पूर्ण आदिवासी समाज भाजपा की आदिवासी विरोधी नीति से परेशान है। वह भाजपा को फायदा पहुचाने का कोई काम नहीं करेगा। एमपी सरकार के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन ने शिवराज सिंह को असफल मुख्यमंत्री और भाजपा के शासन को गरीब, आदिवासी, महिला, व्यापारी, बेरोजगार आदि के साथ अन्याय, अत्याचार तथा शोषण करने वाली सरकार बताया। टिकिट चयन के बारे में उनका यह कहना था कि कांग्रेस और कमलनाथ एमपी में अपना सर्वे करा रहें है। टिकिट उन्हीं को दिया जाएगा जिनपर जनता ने सर्वे में विश्वास जताया है। जिनका जनता से जुड़ाव है। जिनकी विजयी होने की संभावना है।

## कविता

दुनिया के टेढ़े-मेढे.रास्तों में चलने
का भी हुनर होता है,
ऐ साहिब, नहीं आसान जिंदगी का ये
सफर होता है।

जुनून रखिए मंजिल तक पहुँचने का, फिर
देखिए,
मुश्किलों का कितना, हम पे असर होता
है।

चाँद की ख्वाहिश करने में कोई बुराई नहीं
है,
ठान लो गर तो मुमकिन, हर इक रहगुजर
होता है।

अश्कों के मोती लोगों के आगे बहाने से
क्या होगा,
आपके दर्द से, ये बेदर्द जमाना बेखबर
होता है।

ऐ साहिब, इम्तहान जिंदगी के कभी खत्म
होते नहीं,
हर मोड़ पर जो साथ दे वही सच्चा
हमसफर होता है।

सुशी सक्सेना

## भारत का संस्कारिक गौरवशाली इतिहास

**संजीव ठाकुर**

**भारतवर्ष** सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है।

## विचार

# आखिर इन दंगों का समाधान क्या?

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**अगर** कोई भी नफरत के बीज बीजेगा,तो किसी भी कीमत पर प्यार के पेड़ नहीं उग सकते विशेष बात यह भी है कि नफरत के बीज बोने वाले को ही खा जाएंगे,जब ये पेड़ उगेंगे तब। मगर दुर्भाग्य कि हम सब यह जानते हुए भी नफरत के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं जो कि मानवता के लिए हानिकारक है,मनुष्यता के लिए बाधक है,इंसानियत के लिए खतरा है पर तथाकथित लोगों को इससे क्या लेना-देना,उन्हें सिर्फ अपना उल्लू सिद्ध करना है और वो धड़ल्ले से कर रहे हैं मगर मर रहे हैं आम लोग,जल रहा है देश,तड़प रही मानवता,सिसक रही हैं संवेदनाएं,चीत्कार रही हैं सिसकियां मगर तमाम सुनने वालों के कान बहरे हैं,मुँह गूंगे हैं,आंखें अंधी हैं? बस! सब कुछ घटित होता जा रहा है। देश का कोई कोना नहीं बचा।क्योंकि धर्म और धर्म से जुड़ा कोई भी मसला भावनाएं भड़काने के लिए सबसे सॉफ्ट टारगेट होता है। तभी तो किसी ने धर्म को अफीम तक कह डाला। दुर्भाग्य जिन धर्मो का नाम लेकर असामाजिक,अधार्मिक लोग दंगों को अंजाम देते हैं, उन्हीं के धर्मग्रन्थों में लिखा है कि मजहब नहीं सिखाता,आपस में बैर रखना और परहित सरिस धर्म नहीं भाई,परपीड़ा सम नहीं अधिमाई।सम्भवत: उन लोगों ने इसको पढ़ा नहीं और पढ़ा है तो गुणा नहीं क्योंकि अगर पढ़ते और गुणते तो यकीनन धर्म के नाम पर,धार्मिक उत्सवों के नाम पर मानवता की अर्थियां ना निकालते,सड़कों पर आकर उपद्रव ना मचाते,टीवी पर आकर अनाप-शनाप ना बोलते,सोशल मीडिया पर जहर ना उगलते। यकीन मानिए ऐसे लोग कभी भी धर्मी या धार्मिक नहीं हो सकते बल्कि याद रखिए ऐसे ही लोग धर्म के नाम पर कलंक है,चाहे वो कोई भी हो क्योंकि धर्म का अर्थ धारण करना है,धर्म का मतलब कर्तव्य निभाना है,धर्म का मतलब जोड़ना है,तोड़ना नहीं।पर दुर्भाग्य है कि सत्ता के लालची लोगों ने ऐसी हवा चला दी है जो अब रुकने का नाम नहीं ले रही और कहीं भी आग लगाने का काम कर रही है। कितनी हैरत की बात है कि स्थान बदलता है पर दंगे का रूप-स्वरूप वही रहता है। पता नहीं यकायक पत्थर कहाँ से आते हैं? इतने हथियार कैसे असामाजिक तत्वों के हाथों में आ जाते हैं या कोई साजिशन उनके हाथों में थमा देता है।कैसे अचानक सब कुछ घटित हो जाता है।तमाम तरह की कानून व्यवस्था सब कुछ खड़ी देखती रहती है और बाद में हर बार वही घिसी-पिटी ब्यानबाजी जो अक्सर हर बार,हर घटना के बाद दी जाती है।कमाल है हर दंगे का मनोविज्ञान एक जैसा है,कैमिस्ट्री एक जैसी है और उसके बाद प्रतिक्रिया भी एक जैसी है।शायद!आज तक के इतिहास में असामाजिक तत्वों को कोई ढूंढ नहीं पाया।ऐसे लगता है कि ये तथाकथित असामाजिक तत्व अदृश्य शक्ति हैं जो आते हुए किसी को दिखाई नहीं देते और जाते हुए भी दिखाई नहीं देते और कमाल तो यह है कि ये एकदम सक्रिय होते हैं और निर्बाध गति से अपना काम करके किसी पतली और सुरक्षित गली से निकल लेते हैं।आखिर ऐसा कैसे होता है?इसका जबाब आज तक कभी मिला नहीं और सम्भवत: कभी मिलेगा भी नहीं क्योंकि याद रखिए दंगे कभी होते नहीं है बल्कि दंगे करवाए जाते हैं फिर कैसे पता चलेगा?पर इतना याद रखिए यह सब ठीक नहीं है।यह सब बहुत खतरनाक है,बेहद खतरनाक है।इसे रोकना होगा,बहुत जल्द रोकना होगा वरना हम सब कुछ खो देंगे और फिर बचाने के लिए कुछ नहीं होगा।अभी हमारे पास बचाने के लिए सब कुछ है। आइए!शांति का प्रयास करें,अफवाह ना फैलाएं,सोशल मीडिया पर जहर ना फैलाएं,भावनाएं ना भड़काएं,एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें,सत्ता के तमाम लालची लोगों के बहकावे में न आएं,धर्म को धर्म ही रहने दें,पाखंड ना बनाएं,एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं,त्योहारों को उतना ही सम्मान दें,जितना अपने वालों को देते हैं। ऐसा कोई कृत्य ना करें,जिससे एक दूसरे की भावनाएं भड़कें,इसे रोकें,समझें और मानवता को बचा लें अन्यथा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि नफरत सब कुछ स्वाहा करती है और प्यार महकाता है क्योंकि प्यार सजाता है गुलशन को और नफरत वीरान करे।आइए!नफरत को मिटाएं और प्यार फैलाते हुए चले जाएं,और इसके लिए जरूरी है निरंतर बोलते रहें-गांधी जी का वो गीत कि ईश्वर अल्लाह तेरे नाम,सबको सन्नमती दे भगवान।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रोम-रोम में राम और कण कण में खुदा है फिर क्यूँ जल रहा समाज

**मुनीष भाटिया**

भारत एक विविधता पूर्ण देश है यहाँ प्रत्येक कोस पर भाषा और रीति रिवाज बदल जाते हैं । रीति रिवाज संपन्न इस देश की खूबसूरती है कि विभिन्न जाति धर्म के संस्कार और चलन यहाँ एक सुन्दर गुलदस्ते का रूप लगते हैं । भारत की भौतिक संपन्नता के कारण कालान्तर में कई विदेशी आक्रान्ता की कुदृष्टि तो इस देश पर लगी ही रही साथ ही यहां की सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात करने के लिए भी चीनी यात्रियों से लेकर अरब ईरान से सूफी संत, इस देश की और आकर्षित होते रहे । यदि कोई शरणार्थी बन कर भी आया तो उसे भी सहजता से इस देश ने स्वीकार कर लिया । यही कारण था कि विभिन्न तरह की सभ्यता का संगम भारत देश में विद्यमान है । जिस भी आगंतुक सम्प्रदाय या जाति धर्म ने यहाँ की संकृति को आत्मसात कर लिया वह ना केवल पारसी समुदाय की भांति तरक्की के रास्ते पर चलने लगी अपितु निज की सांस्कृतिक विरासत को भी पल्लवित करती रहीं । किंतु जहाँ भी किसी समुदाय ने विशेषाधिकार के स्तर के बावजूद अपने स्वार्थ की खातिर स्वयं की जाति धर्म को सर्वोपरि माना तो यहीं से वैमनस्य का बीज उत्पन्न होने लगा जिसे समय समय पर अवसाद की खाद से सींचा गया और फिर घृणा के इसी वृक्ष से साम्प्रदायिकता के फल का जन्म लेने लगा । नफरत के इस पेड़ के दिए इस साम्प्रदायिकता रुपी फल का नशा कुछ इस कदर होता है कि अन्य जाति धर्म के लोग भी इसका स्वाद बदले की आग में चखने लगे जिसका परिणाम ये हुआ कि ना केवल इस देश का विभाजन हुआ बल्कि साम्प्रदायिकता की आग में जलने के लिए सदियों के लिए एक मंच तैयार हो गया । इसी साम्प्रदायिकता के फलस्वरूप ही समय समय पर देश के विभिन्न राज्यों से अलगाव वास की चिंगारी सुलगती रहती है । अपने को सर्वश्रेष्ठ और दूसरे को हेय दृष्टि से देखने का ही परिणाम है कि भारत संघ में आज साम्प्रदायिकता की जरा सी चिंगारी एक दावानल का रूप धारण कर लेती है। जिसकी आग में पूरा समाज जलने लगता है।

साम्प्रदायिक हिंसा एक प्रकार की हिंसा है, जो किसी धर्म, पंथ या संप्रदाय विशेष के लोगों के बीच होती है। इसके अंतर्गत सभी प्रकार की हिंसा, झड़प व दंगे शामिल किये जाते हैं जो धार्मिक, पंथ या सामाजिक संप्रदाय के बीच होते हैं। जो लोग इस नफरत की आग का शिकार हो जाते हैं अक्सर उनका साम्प्रदायिकता से कुछ लेना देना नहीं होता । जिनकी सम्पत्ति को लूटा जाता है या आगजनी की जाती है वह अक्सर बेकसूर होता है । सार्वजनिक सम्पत्ति को धार्मिक दंगों में नष्ट कर देना तो जैसे धार्मिक उन्माद में आम हो चला है।

# सब कुछ सीखा हमने, लेकिन...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**मैं घर की** ओर मुड़ा ही था कि एक आदमी फोन पर जोर-जोर से बात कर रहा था छी:-छी: तुमसे यह उम्मीद नहीं थी। क्या तुम दस किलोमीटर दूर ठहरे अपने दोस्त से मिलने चले गए? बड़े कमाल के आदमी हो। बड़ा फुर्सतिया हो। तुम कुछ भी हो सकते हो लेकिन शहरी कतई नहीं। शहरी बनने के लिए शहरी मानसिकता भी चाहिए होती है। जो कि तुम्हारे पास बिल्कुल नहीं है। मुझे शर्म आती है तुम्हें मेरा मित्र कहतेहुए। कह-कहकर थक गया कि शहरी बनो शहरी। और तुम हो कि वह छोड़कर सब बनने को तैयार हो। शहर पर ज्ञान देने वाले महाशय कलाई पर हेल्थ गजट लगाए पैरों में दस हजारी जॉगिंग जूता पहने मोटी सी तोंद को महंगे टी-शर्ट के लबादे सुपुर्द कर चुके सामने वाले को फोन पर शहरी एनसाइक्लोपीडिया का ज्ञान बाँट रहे थे। उसने आगे कहा शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए। तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए। जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है। यहाँ कचरा उठाने वाला भी व्यस्त होता है। उसके पास खुद का कचरा उठाने का टाइम नहीं होता। तुम तो कचरे वाले से भी गए गुजरे हो। यहाँ अंग्रेजी समाचार पत्र पकड़े रहना स्टेटस और फोन पर कान धरे रहना हाईफाई होने की निशानी है।

# मिट्टी खनन: वाहन चालकों ने राहत की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ मिट्टी खनन** करके सप्लाई करने वाले वाहन चालकों ने आर०टी०ए०, खनन विभाग तथा अवैध खनन रोकने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा बार बार चालान किये जाने से परेशान आर०टी०ए० कार्यालय के बाहर सैंकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता के नेतृत्व में आर०टी०ए० अधिकारी नीरज जिंदल से बैठक कर राहत देने की मांग की।

वाहन चालकों की तरफ से बोलते हुए राजेश सिंह खत्री ने कहा कि हमें ट्रक का ई-रवाना बनाने, थोड़ा सा भी ओवरलोड होने पर चालान करने, प्रेसर हॉर्न का चालान होने की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं जबकि ज्यादातर मिट्टी का काम करने वाले कम पढ़े लिखे हैं और छोटा-छोटा परमिट लेकर मिट्टी खनन करके परिवारों का गुजारा कर रहे हैं। बैठक में खनन अधिकारी अनिल कुमार, स्पेशल टास्क फोर्स के पुलिस अधिकारी सुरेश कुमार तथा गुरप्रीत सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आश्वाशन दिया कि हमारी तरफ से किसी भी मिटटी का काम करने वाले को अनावश्यक परेशान नहीं किया जायेगा और यदि कोई अवैध खनन करता है, ओवरलोड वाहन ले जायेगा तो उसके खिलाफ कारवाई होगी।

**चालान**

**8 ई-रवाना बनाने, थोड़ा सा भी ओवरलोड होने पर चालान करने, प्रेसर हॉर्न का चालान होने की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं**

उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कोई भी वाहन बिना तिरपाल लगाए ना निकले ताकि पीछे चलने वाले विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों की आँखों में मिट्टी ना पड़े। राजीव जैन ने एस०टी०फ० के पुलिस अधीक्षक करण गोयल से भी फोन पर बातचीत करके कहा कि एस०टी०फ० सीधे चालान काटने की बजाये पूरी जाँच के बाद ही कारवाई करे। राजीव जैन ने मिट्टी सप्लायरों को सम्बोधित करते हुए आश्वाशन दिया कि आपकी परशानियों का समाधान करवाएंगे और कम्पनी द्वारा बनाये गए फुलबाड़ी वाहनों में पूरी मिटटी ढोने की परमिशन के लिए खनन मंत्री मूल चंद शर्मा से बात करेंगे। अधिकारियों से मिलने वालों में सुरेंद्र डागर, विजय कुमार, दिलबाग आंतिल, नवीन मलिक, राजेंद्र फौजी, नरेंद्र, मोनू, अमित मलिक, अजय गुमड़, ,मनोज आदि उपस्थित रहे।

# परिवर्तन पदयात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**परिवर्तन पदयात्रा** आपके द्वार बुधवार को 151वें दिन जिला पानीपत के हलका पानीपत ग्रामीण के गांजबड से शुरू हुई और जिला करनाल के हलका घरौंडा के गांव कोण्ड, गडी मुल्तान होते हुए कैमला पहुंची। महाभारत के कर्ण की धरती पर कर्ण चौटाला का गांव वासियों ने ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। कर्ण चौटाला ने गांव वासियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हे भरोसा दिलाया कि इनेलो की सरकार बनने पर सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

गांव कैमला में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने अन्य दलों को छोडकर इनेलो में अपनी आस्था व्यक्त की। यहां एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए कर्ण चौटाला ने कहा कि कैमला गांव के लोगों की किसान आंदोलन में भूमिका बेहद सराहनीय रही। किसान आंदोलन के दौरान गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री के हैलिकॉप्टर को गांव में उतरने नहीं दिया जिससे प्रधानमंत्री तक एक संदेश गया कि किसान अपनी मांगों को मनवाए बगैर परछे हटने वाले नहीं हैं।

भाजपा की निकम्मी और नकारा सरकार से किसान, कमेरा, व्यापारी कर्मचारी समेत सभी वर्ग परेशान हैं। खासतौर से युवा पीढ़ी भाजपा सरकार से बेहद परेशान है जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है। भाजपा गठबंधन सरकार ने चुनावों में लोगों से वादे तो बहुत बड़े किए लेकिन मिला क्या सिर्फ धोखा। उन्होंने कहा कि भोली भाली जनता को धर्म और जाति के आधार पर लड़ाना ही भाजपा का एकमात्र ध्येय है। नूंह में करवाई गई हिंसा इसका ताजा उदाहरण है। कर्ण ने कहा कि प्रदेश की जनता को बधाई देता हूं कि पूरे प्रदेश के लोगों ने इस हिंसा का विरोध किया और भाईचारे को कायम रखके भाजपा के गंदे मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो हम अपने छोटे मोटे आपसी मतभेद देखने लगते हैं जिसका भाजपा राजनीतिक फायदा उठाती है। हमारे एक गलत फैसले से सभी को बहुत बड़ा नुकसान होता है और पांच साल हमें पछताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अबकी बार आपसी मतभेद खत्म करते हुए इनेलो की सरकार बनाएं ताकि चौ. देवीलाल नीतियों की सरकार प्रदेश में बने और किसान, कमेरे समेत सभी वर्गों की भलाई के लिए काम किए जा सकें।

सभा में उपस्थित लोगों ने कर्ण चौटाला की बात का दोनों हाथों को उठाकर समर्थन किया और भविष्य में इनेलो का साथ देने और भाजपा और कांग्रेस को वोट न देने का निर्णय लिया।

## न्यूज फ्लैश

### हाथी खाना मंदिर में 20वें श्री रुद्र महायज्ञ का आरंभ हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** हाथी खाना मंदिर में ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 महंत बाबा केशव दास जी एवम वर्तमान महंत श्री 108 बाबा मनमोहन दास के शुभ आशीर्वाद से 20 वें श्री रुद्र महायज्ञ 2023 का आरम्भ बहुत ही हर्षोल्ल्लास के साथ हुआ। प्रस्तुत यज्ञ में महामृत्युंजय महामन्त्र, शिव गायत्री, नाग गायत्री के अतिरिक्त रुद्री के मंत्रों द्वारा यज्ञ में आहुतियां डलवाई गयी। यज्ञ आचार्य प. दीप लाल जयपुरी ने इस शुभ मौके पर कहा कि सावन का अर्थ है एक महीने में सौ बार वन वर्षा का होना। किन्तु अब वृक्षों की लगातार हो रही कटाई से वायु मंडल में बहुत से नकरात्मक प्रभाव देखने को मिले है। जैसे कि गर्मी अधिक पड़ना, आक्सीजन की कमी, मनुष्य में श्वास संबंधी रोग इत्यादि। इस शुभ अवसर पर विनोद अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, लक्षित अग्रवाल, मोहित बंसल, रमन बंसल, कशिश खन्ना, चौधरी मुरारी सिंह, अधिवक्ता सिंगला , राजीव गुप्ता,सचिन मीणा, जितेंद्र शर्मा सहित बहुत से शिव भक्त मौजूद रहे।

### कुवि के जूलॉजी विभाग के 17 विद्यार्थियों ने पास यूजीसी सीएसआईआर नेट जेआरएफ परीक्षा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के जूलॉजी विभाग के 10 विद्यार्थियों ने यूजीसी की जेआरएफ व 7 विद्यार्थियों ने यूजीसी सीएसआईआर नेट की परीक्षा पास की है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि यह जूलोजी विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि यह परीक्षा पास करना किसी भी विद्यार्थी के शैक्षणिक कॅरियर में एक महत्त्वपूर्ण पल होता है ।इस अवसर पर जूलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि विभाग के वर्ष 2021-23 बैच से तनु बल्हारा ने जेआरएफ व लवप्रीत ने यूजीसी नेट की परीक्षा उर्त्तीण की है। वहीं 2020-22 बैच की रीतिका, शालू, शशि बाला, रितु, यशिका ने जेआरएफ व दीपांशी, मानसी पूनिया, सोनू तुरान, सत्या देवी व सोनी ने यूजीसी नेट की परीक्षा पास की है। वर्ष 2019-21 बैच की अंशु यादव व मोनिका सेन ने जेआरएफ तथा वर्ष 2018-20 बैच की प्रीति ने जेआरएफ पास कर विभाग को गौरवान्वित किया है। डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि वर्ष 2015-17 बैच की मोनिका शर्मा ने जेआरएफ व ज्योति अंतिल ने यूजीसी नेट की परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि यूजीसी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 17 विद्यार्थियों में से 16 छात्राएं शामिल है। इस अवसर पर जूलॉजी विभाग के सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 14 अगस्त तक होंगे आवेदन स्वीकार: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग वर्ष 2023-24 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सीआरएम स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। स्कीम का लाभ लेने के लिए किसान विभाग के पोर्टल एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर 14 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इसमें पंजीकृत किसान समूह, ग्राम पंचायत, किसान उत्पादन संगठन को कस्टम हायरिंग सैंटर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि दी जाएगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि व्यक्तिगत लाभार्थी की श्रेणी में आवेदन करने के लिए किसान के नाम पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जमीन का विवरण एवं बैंक खाते की आवश्यकता होगी। किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति के किसान के लिए जाति प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त किसान विभिन्न प्रकार के अधिकतम तीन कृषि यंत्र ही ले सकता है और जिन किसानों ने पिछले 2 वर्षों में जिन कृषि यंत्रों पर अनुदान लिया है वे इस स्कीम में उस यंत्र पर आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे। सहायक कृषि अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि कस्टम हायरिंग सैक्टर की स्थापना के लिए आवेदन करने के लिए समिति का पंजीकरण पैन कार्ड, ट्रैक्टर की आरसी, बैंक खाते का विवरण व आधार कार्ड आवश्यक है। इस श्रेणी के कम से कम 3 व अधिकतम 5 यंत्र लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो कस्टम हायरिंग सैंटर 4 वर्ष पहले अनुदान का लाभ ले चुके हैं वे आवेदन करने के पात्र नही होंगे। कस्टम हायङ्क्षरग सैंटर, सुपर एसएमएस बेलिंग मशीन, हैप्पी सीडर, ट्रैक्टर चालित, स्वचालित क्रॉप रीपर, रीपर कम बाईडर, कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाएगा।

# महिलाओं ने मनाया पूर्णिमा का उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भगत को** जब भगवान से प्रेम होता है तो वह किसी न किसी रूप में उसके हृदय से बाहर निकल ही जाता है। उस समय उसे शरीर की सुध नहीं रहती यह पंक्तियां पूर्णिमा के उपलक्ष पर भगवान ठाकुर जी के आगे कीर्तन कर रही महिलाओं पर सटीक बैठती हैं बता दें कि आनंदपुर जलबेरा गांव में पिछले 1 महीने से गांव के ही ठाकुर द्वारे में दर्जनों भगवत प्रेमी महिलाएं भजन कीर्तन कर उसे मनाती हैं तथा आनंद शांति प्राप्त करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं। पूर्णिमा के उपलक्ष पर उन सभी महिलाओं ने भगवान ठाकुर जी के आगे फल, खीर का भोग अर्पण कर उसे नाच कर मनाया। महिला भजन मंडली की आगेवान पुष्पा, कविता तथा सरला ने बताया कि गांव के श्री राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा सत्यनारायण दास की प्रेरणा से वह इस कीर्तन को आगे 1 महीने तक करती रहेंगी उल्लेखनीय है कि इसी भजन मंडली द्वारा वर्ष में आने वाली महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व के उपलक्ष पर भजन कीर्तन किया जाता तथा कार्तिक मास में ब्रह्म मुहूर्त में भगवत गीता के बाहरवे अध्याय के आधार पर हवन यज्ञ किया जाता है।

# सांझी सभा ने दिया समाजसेवी संदीप गर्ग को ज्ञापन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक) लाडवा** के गांव मेहरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सांझी सभा ने स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग को लड़कियों के लिए अलग से दो शौचालय बनवाने के लिए ज्ञापन दिया। सांझी सभा की सदस्य हेमा गर्ग ने बताया कि विद्यालय में छात्रो की संख्या बहुत अधिक है, इसलिए जो शौचालय विद्यालय में है वो बच्चों के लिए प्रयाप्त नहीं है और शौचालय के आभाव में बहुत से बच्चों को परेशानी का सामना पर्याप्त पड़ता है। ऐसे में विद्यालय की समस्त सांझी सभा व प्राचार्य बलवंत सिंह ने समाजसेवी संदीप गर्ग से बच्चों की इस समस्या का हल करने के लिए एक ज्ञापन दिया। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मौके पर ही सांझी सभा को आश्वासन दिया कि इस कार्य को शीघ्र करवा दिया जाएगा ताकि बच्चों की शिक्षा संचारू रूप से चलती रहे। वहीं उन्होंने गांव के सरपंच सुखमुख सिंह से अपील की कि पंचायत की ओर से भी उन्हें सहयोग दें ताकि शीघ्र इस कार्य को करवाया जा सकें। मौके पर प्राचार्य बलवंत वत्स, हेमा गर्ग, मीना, अमिता, नीरू आदि मौजूद थे।

# शिशु के लिए अमृत के समान है मां का दूध

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) विश्व** ब्रेस्ट फीडिंग वीक चलाया जा रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के सामान बताया जा रहा है। जिसमें मां को 6 महीने तक स्तनपान जरूर करवाना चाहिए।

अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल की विरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना बंसल ने महिलाओं को इस संबंध में जागरूक किया और उन्होंने बताया कि महिलाओं को शपथ भी दिलवाई जा रही है कि वह 6 महीने तक नवजात बच्चे को स्तनपान आवश्य करवाएं । डॉ रचना ने बताया कि आज कल स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। उसमें हम यहां आई महिलाओं



को स्तनपान के बारे में बताते हैं। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चे के लिए मां का दूध सबसे पोष्टिक है। उन्होंने कहा कि हर मां को शपथ लेनी चाहिए कि हमें बच्चे को स्तनपान ही करवाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि नवजात बच्चे को गुट्टी, शहद आदि नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मां का दूध स्वोत्तम आहार है। यहां पर आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि वह किस प्रकार बच्चों को स्तनपान करवाएं जिससे बच्चे व मां को लाभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मां का दूध बच्चे को कई बिमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण कराने की तिथि 10 अगस्त तक बढी

**पानीपत: कृषि** एवं कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा के नाम से पोर्टल बनाया गया है जिसमें किसान अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पंजीकरण की तिथि 10 अगस्त तक बढ़ा दी है, पहले यह तिथि 31 जुलाई थी। किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि से जुड़ी जानकारी लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

# सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों को जल्द पूरा करे सरकार: जगबीर जोगनाखेड़ा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) बीते एक** सप्ताह से अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जगबीर जोगना खेड़ा ने नगर परिषद कार्यालय पंहुचकर समर्थन दिया। जगबीर ने कहा कि सरकार में बैठे लोग इन्हें कभी कोरोना योद्धा और कभी असली सेवक बताते हैं, परंतु बावजूद इसके इन्हें धरना देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल और भाजपा हरियाणा में जनता का विश्वास खो चुके हैं। जगबीर ने नगर परिषद कार्यालय में



सफाई कर्मियो के आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार को जमकर कोसा।आप जिलाध्यक्ष जगबीर जोगना खेड़ा ने कहा कि कर्मचारियों को हड़ताल पर बैठे सप्ताह हो गया हैं। यह कर्मचारी अपना हक मांग रहे है न कि कोई भीख। लेकिन सरकार ने अब तक उनकी कोई सुध नहीं ली है। जिस तरह से सरकार उनकी मांगों को जानबूझ कर दरकिनार कर रही है। उससे कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ लगातार गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के करीब 400 सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहर के चारों ओर गंदगी के ढेर लग चुके हैं। अगर सरकार को स्वच्छता की इतनी ही परवाह होती तो सरकार आज उनकी मांगों के प्रति गंभीर होती और उनकी मांगों को लागू करने में जरा भी संकोच नहीं करती। लेकिन सरकार के ऐसे रवैये से साफ पता चल रहा है कि उसे न तो कर्मचारियों के हितों की कोई परवाह है और न ही स्वच्छता की। जगबीर ने कहा कि कई जगहों पर गंदगी के ढेर लगे हुए है और बेसहारा गोवंश कूड़े के ढेरों में मुंह मार रहे है।

# 'कामकाजी माताओं को स्तनपान करने के लिए सशक्त बनाना'




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**महिला एवं** बाल विकास विभाग की ओर से जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर की विभाग की सुपरवाइजर, सीडीपीओ व स्वास्थ्य विभाग की कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीपीओ परमिंदर कौर ने कहा कि इस बार का विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम स्तनपान को सक्षम बनाना और कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि यह स्तनपान सप्ताह 7 अगस्त तक खंड स्तर पर अनेक कार्यक्रम करके मनाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि माता को स्तनपान कराने के लिए पर्याप्त समय और समर्थन की आवश्यकता होती है। विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य 6 माह तक केवल स्तनपान एवं 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखने के महत्व के बारे में समुदाय में जागरूकता लाना एवं इसके बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर खंड स्तर पर बैठकों का आयोजन करके आंगनबाड़ी कार्यकताओं को एक्सप्रेसड ब्रेस्ट मिल्क के बारे में बताएं। गांव स्तर पर परामर्श सत्र आयोजित करें। दूध पिलाने वाली माता के पोषण का ध्यान रखे व उनके कार्यों व गतिविधियों में शामिल हो, बच्चे को बीमारी के दौरान स्तन पान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों में आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का नियमित सेवन करने की सलाह दें। पौष्टिक भोजन में नियमित रूप से ज्वार- बाजरा को मिलेट से बने भोजन को शामिल करने के लिए माताओं और उनके परिवार के सदस्यों को सलाह दें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत खंड स्कूल स्तर पर पोस्टर मेकिंग,स्लोगन प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता बैठक का आयोजन किया जायेगा बैठक के दौरान महिलाओं को एक्सप्रेसड ब्रेस्ट मिल्क के बारे में जानकारी दें।

उन्होने बताया कि स्तनपान सप्ताह में महिलाओं को वीडियो के माध्यम से जागरूक करने का कार्य करें। खंड स्तर पर स्तनपान कराने वाली महिलाओं का सहयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाएं। अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान के लिए भागीदारी दें। उन्होंने बताया कि स्तनपान स्साह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभिन्न संस्थानों जिसमें पंचायत कार्यालय, प्रसव स्थल व समुदाय में शिशुओं को जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान की शुरूआत कराने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करें व अभियान का हिस्सा बनाएं। इस मौके पर सीडीपीओ रजनी गुप्ता, डीसीपीओ निधि गुप्ता, पीपीओ रजनी गुप्ता, मोनू त्यागी के अलावा हिमानी एनजीओ से सुधा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कालका पिंजोर नप के सफाई सेवकों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

## आप जिलाध्यक्ष रंजीत उप्पल, सफाई सेवकों के साथ मौजूद रहे

**टीम एक्शन इंडिया/कालका मैनपाल**
**कालका पिंजौर** नगर परिषद परिसर में सफाई सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनको लगभग 10 दिन हो चुके हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। पिंजौर कालका में जगह-जगह कूड़े के ढेर बढ़ते जा रहे हैं। गंदगी के चलते महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लेकिन प्रशासन को शायद इन बातों से कोई सरोकार नहीं है। चाहे बीमारी फैले या महामारी, सरकार एवं प्रशासन को कोई मतलब नहीं। सफाई सेवकों ने



आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत उप्पल से संपर्क साध उपायुक्त को ज्ञापन देने की बात कही।आप जिलाध्यक्ष रंजीत उप्पल, सफाई सेवकों के साथ उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे। उपायुक्त की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन एडीसी महोदया को सौंपा गया। एडीसी महोदया ने बड़े ध्यान पूर्वक सफाई सेवकों की बात सुनी और उन्हें सरकारी आदेश अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस कार्यवाही के दौरान सफाई सेवकों के कालका प्रधान लाखन, पिंजौर प्रधान सुनील कुमार, सचिव जितेंद्र कुमार, सचिव मदन पाल, अजय भारती एवं आम आदमी पार्टी के क्रांतिकारी साथी स्वर्ण पाल सिंह,कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक शर्मा, विजय वर्मा मौजूद रहे।

# नूंह में दो समुदाय में हुई हिंसा पर नगर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने रखा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**गत दिवस** नूह में दो समुदाय में हुई हिंसा को देखते हुए जिले में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा बंद का आह्वान किया गया। बंद के दौरान मुख्य बाजार के साथ-साथ जिले के निजि शिक्षण संस्थान भी बंद रहे। मुख्य बाजारों में आज खरीददार नहीं पहुंचे। शहर में बंद के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मुख्य बाजारों के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस तैनात रही। बंद के दौरान पुलिस व प्रशासन अधिकारियों ने लोगों से नगर में शांति व भाई चारा बनाने की अपील की। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। इस तरह के माहौल में हमें शांतिपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए। प्रशासन भी मृतक अभिषेक के परिवार के साथ है उसके साथ पूरी सहानुभूति है। उपायुक्त ने जिले के नागरिकों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि नगर में शांति है। शहर में गश्त की जा रही है व फलैग मार्च भी निकाला गया है। सभी एसएचओ को फिल्ड में भेजा गया है।

# डेंगू की रोकथाम के लिए हुई बैठक

## अस्पताल के अधिकारी ने डेंगू को लेकर अभी तक कोई आपदा जैसी स्थिति का जिक्र नहीं किया।






**सावधानी**

**8 भारद्वाज ने अधिकारियों से एक-एक कर उनके अस्पतालों की मौजूदा स्थिति के बारे में जाना**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपक कांडपाल**

दिल्ली में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के सभी अस्पतालों के नोडल ऑफिसर और एमएस के संग सचिवालय में बड़ी बैठक की। इस बैठक में दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, कैंट एरिया और केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सौरभ भारद्वाज ने सभी अधिकारियों से एक-एक कर उनके अस्पतालों की मौजूदा स्थिति के बारे में जाना। लगभग सभी अस्पतालों में डेंगू को लेकर तैयारियां चल रही हैं और सभी अस्पताल डेंगू से निपटने के लिए तैयार दिखे। हालांकि बैठक में किसी भी अस्पताल के अधिकारी ने डेंगू को लेकर अभी तक कोई आपदा जैसी स्थिति का जिक्र नहीं किया। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में अभी हालात बिल्कुल सामान्य हैं। दिल्ली में डेंगू को लेकर किसी प्रकार की आपदा जैसी कोई स्थिति नहीं है, लेकिन फिर भी सावधानी बरते हुए भारद्वाज ने बैठक के दौरान सभी अस्पतालों के अधिकारियों को निर्देश जारी किया, कि जिस प्रकार से कोविड के दौरान सभी अस्पतालों में भविष्य की आपदा को देखते हुए मौजूदा बेड का कुछ प्रतिशत कोविड के मरीजों के लिए आरक्षित किए गए थे। इसी प्रकार डेंगू जैसी बीमारी से निपटने के लिए भी तैयारियां करते हुए सभी अस्पताल मौजूदा बैंड्स की संख्या का 5 प्रतिशत डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित रखें।

**छह से आठ घंटों के भीतर दी जाए डेंगू की टेस्ट रिपोर्टः** डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या बहुत तेजी से गिरती है जिसकी वजह से मरीज की जान जा सकती है। ऐसी गंभीरता को देखते हुए भारद्वाज ने सभी अस्पताल के अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले बुखार के मरीजों की टेस्ट रिपोर्ट 6 से 8 घंटे के भीतर मंगवाई जाए, ताकि यदि उस मरीज को डेंगू बुखार है, तो तुरंत प्रभाव से उसका इलाज किया जा सके।

### दिल्ली में अब तक डेंगू के 243 मरीजों की पुष्टि



एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बताया कि महापौर के साथ बैठक हुई थी लेकिन वह बेनतीजा रही। महापौर समाधान निकालने का आश्वासन दे रही थी, लेकिन हमारा आश्वासन से काम नहीं चलेगा। इस बार हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जब तक रहेंगे तब तक की लिखित आदेश नहीं मिल जाता। उल्लेखनीय है कि राजधानी में डेंगू के 243 मरीजों की अब तक पुष्टि हो चुकी है। जो कि बीते वर्षों कई वर्षों की तुलना में सर्वाधिक हैं।

विधेयक पर चर्चा फिजूल, कांग्रेस नेता बोले- गठबंधन का समय आने पर रखेंगे अपनी बात कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि जब संभावित गठबंधन की चर्चा आएगी तो पार्टी नेतृत्व से अवश्य ही खुलकर बात की जाएगी। पार्टी के दो वरिष्ठ नेता अजय माकन और संदीप दीक्षित कुछ इसी तरह का संकेत दे रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह आशंका भी जताई कि आप भले ही गठबंधन के संकेत दे रही हो लेकिन अंतत इसके होने की संभावना कम ही है।

### पोर्टल पर डेंगू के मरीजों से संबंधित रिपोर्ट देंगे सभी अस्पताल

**बैठक** के दौरान सभी अस्पताल के अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए, कि जिस प्रकार से कोविड महामारी के दौरान दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर सभी अस्पताल अपने प्रतिदिन की रिपोर्ट दर्ज कराते थे, जिससे कि कोविड महामारी की वर्तमान स्थिति का पता चलता था और उससे निपटने के इंतजाम करने में सरकार को मदद मिलती थी, उसी प्रकार से इस डेंगू बीमारी की गंभीरता को देखते हुए भी, सभी अस्पताल दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर उनके अस्पतालों में आने वाले डेंगू के मरीजों की प्रतिदिन की जानकारी दर्ज कराएंगे। इसके साथ ही अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए एक अलग वार्ड बनाने के निर्देश दिए।



`सीएम अरविंद केजरीवाल ने संगम विहार और देवली के घनी आबादी वाले इलाके के बीचों-बीच आधुनिक सुविधाओं वाले शानदार स्कूल का उद्घाटन किया।

# आसिफ इकबाल तन्हा की याचिका पर नए सिरे से होगी सुनवाई


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली दंगा मामले में दिए गए बयान को पुलिस द्वारा लीक करने का आरोप लगाते हुए जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्र एवं दंगों के आरोपित आसिफ इकबाल तन्हा द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति तुषार राव गड़ेला की पीठ सुनवाई करेगी। पूर्व में न्यायमूर्ति एजे भंभानी की पीठ ने खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था। न्यायमूर्ति भंभानी ने कहा था कि अदालत के कृत्य का न्याय प्रणाली की विश्वसनीयता पर कभी भी हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

तन्हा ने कुछ मीडिया हाउस के खिलाफ याचिका दायर की थी।

# रिश्तेदार बनकर शख्स से ठगे 48 लाख रुपये

## एक नाबालिग समेत पांच जालसाजों को पुलिस ने पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिणी** जिले के साइबर थाना पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से ठगी का पैसा, वारदात में प्रयोग मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया है। आरोपित खुद को पीड़ित का रिश्तेदार बताकर बीमारी या अन्य हादसे के नाम पर ठगी कर रहे थे। दक्षिणी जिला डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि आरोपितों की पहचान बिहार के सहरसा के बनगांव दक्षिण निवासी सुमन कुमार, आशीष कुमार, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम के राहरगोरा निवासी विवेक कुमार और बिहार के सहरसा के सतरवार महिषी निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों से ठगी में प्रयोग सात मोबाइल फोन, एक लैपटाप, एक पेन ड्राइव, एक मेमोरी कार्ड, पांच सिम कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, 26 लाख रुपये के तीन पोस्ट डेटेड चेक और 1,78,500 रुपये बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने दो खातों में साढ़े चार लाख रुपये फ्रीज कराए हैं।

**जालसाजों ने ठगे थे 48 लाख रुपयेः** डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि आठ जुलाई को एक वरिष्ठ नागरिक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनके मोबाइल पर आरोही झा नाम की एक युवती ने कॉल किया। युवती ने पीड़ित से बताया कि वह उनके सहकर्मी की बेटी बोल रही है। युवती ने उनसे कहा कि उसकी मां बिहार के एक अस्पताल में भर्ती है। उसने मां के उपचार के लिए पीड़ित से पैसे मांगे।

### जेल में बंद आरोपितों के खातों में ट्रांसफर कराए थे पैसे

**आरोपितों** ने पीड़ित से चार अलग अलग बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई थी। पुलिस ने संबंधित बैंक खातों की छानबीन की। इसमें पता चला कि दो बैंक खाते एक सुमन कुमार के नाम से और दूसरा खाता आशीष कुमार के नाम से है। छानबीन में सामने आया कि सुमन कुमार और आशीष कुमार एनडीपीएस एक्ट के मामले में बिहार के सुपौल स्थित भीमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। दोनों सुपौल जिला जेल में बंद हैं। पुलिस ने आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उनकी निशानदेही पर मामले में आरोपित विवेक कुमार, अभिषेक कुमार और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया।

# दिल्ली में लिव इन में रहने वाली महिला की हत्या

**घर से बरामद**

**8 लोगों ने आशंका जताई है कि उसी ने हत्या की है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला की हत्या का मामला सामने आया है। घटना शहादरा के गीता कॉलोनी की है। महिला का शव उसके घर से बरामद किया गया है। घटना के बाद से ही उसका बॉयफ्रेंड फरार है। लोगों ने आशंका जताई है कि उसी ने हत्या की है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला की उम्र 43 वर्ष बता जा रही है। आरोपित की पहचान दीपक के रूप में हुई है। दोनों लिव इन रिलेशन में रह रहे थे, लेकिन दो महीने पहले दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद ये दोनों अलग-अलग रहने लगे थे। पुलिस के अनुसार जांच में यह बात भी सामने आई है कि मंगलवार को दीपक महिला से मिलने गया था। जब देर शाम पढ़ाई कर महिला का बेटा वहां पहुंचा तो वह वहां लहूलुहान पड़ी थी। इसके बाद बेटे ने घटना के बारे में पड़ोसियों के बताया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस महिला को अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चर्चा फिजूल, गठबंधन का समय आने पर रखेंगे अपनी बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 के मंगलवार को लोकसभा में पेश हो जाने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी बरकरार है। चोरी-छिपे भले ही नेता बात कर लें, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के समक्ष अपनी नाराजगी जताने के लिए उपयुक्त समय का इंतजार कर रहे हैं। कई वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि यह विधेयक लोकसभा और राज्यसभा, दोनों ही सदनों में आसानी से पास हो जाएगा। विपक्ष को गलतफहमी है कि राज्यसभा में वह इसे रोक लेगा। इसके लिए सामान्य बहुमत चाहिए और वह राजग के पास है। ऐसे में जब यह विधेयक पास हो ही जाना है और आम आदमी पार्टी को विपक्षी एकता का कोई लाभ नहीं मिलने वाला तो फिर नाराजगी जताकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की रणनीति पर सवाल भी क्यों खड़े किए जाएं? इन नेताओं ने यह भी कहा कि जब संभावित गठबंधन की चर्चा आएगी तो पार्टी नेतृत्व से अवश्य ही खुलकर बात की जाएगी। पार्टी के दो वरिष्ठ नेता अजय माकन और संदीप दीक्षित कुछ इसी तरह का संकेत दे रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह आशंका भी जताई कि आप भले ही गठबंधन के संकेत दे रही हो, लेकिन अंततः इसके होने की संभावना कम ही है। इसकी वजह यह कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल दिल्ली के गठबंधन के बदले कांग्रेस से पंजाब और हरियाणा में बड़ी कीमत वसूलना चाहेंगे, जो इन दोनों ही राज्यों की पार्टी इकाई स्वीकार नहीं करेगी। यानी, गठबंधन का खटाई में पड़ना तय है। कांग्रेस के लिए भी अपने दम पर चुनाव लड़ना ही हितकर है। विधेयक पर कांग्रेस का आप को समर्थन विपक्षी एकता की रणनीति भर है। सहकारी संघवाद के सिद्धांत भी दिल्ली के संदर्भ में तार्किक नहीं हैं। राष्ट्रीय राजधानी के रूप में केंद्र सरकार यहां सालाना विभिन्न सेवाओं पर लगभग 37,500 करोड़ रुपये खर्च करती है।




**नोटिस जारी**

**8 विपक्ष को गलतफहमी है कि राज्यसभा में वह इसे रोक लेगा। इसके लिए सामान्य बहुमत चाहिए**

# सिख विरोधी दंगाः टाइटलर की अग्रिम जमानत पर फैसला चार अगस्त को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता जगदीश टाइटलर की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज विकास ढल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 4 अगस्त को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने जगदीश टाइटलर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया इन दंगों में जगदीश टाइटलर की भूमिका सामने आई है। सीबीआई ने कहा कि अगर जगदीश टाइटलर को जमानत दी जाती है तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इस मामले में गवाहों ने बड़ी हिम्मत दिखाई है। कोर्ट ने एक अगस्त को सीबीआई को नोटिस जारी किया था।



**मुशिकल में...**

**8 विरोध करते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया इन दंगों में जगदीश टाइटलर की भूमिका सामने आई**

उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

# दिल्ली में बनकर तैयार हुआ भारत का पहला मैदानी संग्राहलय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आइटीओ** के बहादुरशाह जफर मार्ग पर बनकर तैयार हुआ भारत का पहला मैदानी संग्राहलय का उद्घाटन जल्द हो सकता है। निगम कर्मचारी युद्ध स्तर पर इस कार्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। 23 जुलाई 2022 को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसकी नींव रखी थी। इसमें भारत की पहली भारत माता की कबाड़ से बनी हुई प्रतिकृति लगाई गई है। इतना ही नहीं लोहे के कबाड़ से आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले बलिदानियों का भी विवरण हैं।

**सवा चार एकड़ में फैला है पार्कः** सवा चार एकड़ में फैले इस पार्क को भारत का पहला मैदान संग्राहलय इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि यह दिल्ली नगर निगम द्वारा पहला ऐसा प्रयोग हैं। जिसमें आजादी के आंदोलनों का वर्णन खुले आसमान के नीचे पार्क में लोहे के कबाड़ से बनी प्रतिकृतियों के माध्यम से दिखाया गया है। 16 करोड़ की राशि और 200 टन लोहे के कबाड़ से इसे बनाया गया है। आठ अगस्त को इसे शुरू करने की योजना है।

# हरियाणा हिंसा के मद्देनजर दिल्ली में संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हरियाणा के** नूंह में हुई हिंसा, तनाव और आगजनी के बाद दिल्ली पुलिस ने भी सुरक्षा कड़ी कर दी है। दिल्ली पुलिस प्रवक्ता सुमन नवला ने कहा कि दिल्ली से सटे हरियाणा के कुछ जिलों में हुई हिंसा को ध्यान में रखकर दिल्ली के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। जहां आवश्यक है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाए गए हैं। दिल्ली की सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। दिल्ली का काफी बड़ा हिस्सा हरियाणा के बॉर्डर से सटा हुआ है। चाहे मुंडका का टिकरी बॉर्डर हो, कापसहेड़ा बॉर्डर हो या फरीदाबाद बॉर्डर हो, पुलिस उन हिस्सों पर ज्यादा फोकस कर रही है, जो हरियाणा के मेवात-नूंह रीजन से ज्यादा करीब है। यहां पर लोकल थाना पुलिस टीम के अलावा जिले की अलग-अलग टीम भी नजर बनाए हुए हैं। दिल्ली पुलिस की सीआईडी की टीम भी सादे कपड़ों में ध्यान रख रही है।



**प्रबंध**

**8 हिंसा को ध्यान में रखकर दिल्ली के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए**

# हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण कराने वाले पहले व्यक्ति बने अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के लिए पहले प्रतिभागी के रूप में पंजीकरण कराया। प्रोकैम इंटरनेशनल ने 15 अक्टूबर को होने वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए आज पंजीकरण शुरू करने की घोषणा की। कार्यक्रम को लेकर अनुराग ठाकुर ने कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण कराकर मुझे खुशी हो रही है और मैं इस आयोजन में हजारों लोगों को भाग लेते देखने के लिए उत्सुक हूं। मैं सभी को इस आयोजन के लिए पंजीकरण करने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। 18 साल तक किसी कार्यक्रम का आयोजन करना शतक लगाने के बराबर है, वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन की लंबी उम्र भारत और दुनिया के लोगों के बीच इस आयोजन की लोकप्रियता को दर्शाती है।



**8 वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण कराकर मुझे खुशी हो रही है : अनुराग**

**वारदात** गरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम बंटी (रोहतक, हरियाणा) व जावेद कुरैशी (जहांगीरपुरी) है, दोनों अलीपुर में गैंगवार में हुई हत्या के मामले में वांछित थे

# टिल्लू गिरोह के दो शूटर को क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोचा, हत्या के मामले में थे वांछित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अलीपुर में** हत्या के एक मामले में वांछित कुख्यात गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। 2017 में बकोली गांव स्थित अंकित के कार्यालय में घुसकर चार बदमाशों ने उसकी हत्या इसलिए कर दी थी, क्योंकि अंकित टिल्लू के प्रतिद्वंदी गैंगस्टर जितेंद्र उर्फ गोगी गिरोह का सदस्य था।

**अलीपुर में हुई हत्या में थे वांछितः** विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव का कहना है कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम बंटी (रोहतक, हरियाणा) व जावेद कुरैशी (जहांगीरपुरी) है। दोनों अलीपुर में गैंगवार में हुई हत्या के मामले में वांछित थे। पांच नवंबर 2017 को अंकित जब अपने तीन दोस्तों के साथ बकोली गांव स्थित कार्यालय में बैठा था।

**अंकित की गोली मारकर हुई थी हत्याः** तभी टिल्लू के सहयोगी अलीपुर का रहने वाला विकास और उसके तीन साथी वहां आ धमके थे। विकास के निर्देश पर बदमाशों ने अंकित को गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच के बाद विकास और सुल्तानपुरी निवासी रवि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ से जावेद कुरैशी और बंटी के वारदात में शामिल होने का पता चला था। बंटी, रवि का भाई है। जितेंद्र गोगी और विकास दोनों एक ही गांव अलीपुर के रहने वाले हैं। 2015 में गोगी ने अपने साथियों के साथ मिलकर विकास पर गोली चलाई थी।

इस संबंध में गोगी और उसके सहयोगियों के खिलाफ अलीपुर में मामला दर्ज किया गया था। अंकित की अपराधिक पृष्ठभूमि भी थी। वह आठ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल था।

**शिकंजा**

**8 2017 में बकोली गांव स्थित अंकित के कार्यालय में घुसकर चार बदमाशों ने हत्या कर दी थी**



### बंटी और जावेद थे फरार

**अपराध** शाखा को सूचना मिली कि टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के सदस्य बंटी और जावेद कुरैशी अलीपुर में हुई हत्या के मामले में फरार हैं। संयक्त आयुक्त एसडी मिश्रा व एसीपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर संदीप तुषीर, इंस्पेक्टर संदीप स्वामी, एसआई संजीव गुप्ता, एएसआई योगेश दहिया, सतेंद्र दहिया, प्रवीर, हवलदार प्रदीप व अशोक और सिपाही विशाल की टीम को पता चला कि बंटी रोहतक में कहीं रह रहा है। वहां जाने पर पता चला कि वह रोहतक के किला रोड स्थित कुआं मोहल्ला में अपने ससुराल में रह रहा है और अपने सहयोगियों से मिलने दिल्ली जा रहा है। टीम ने औचंदी बार्डर से बंटी को दबोच लिया। बाद में जावेद कुरैशी को जहांगीरपुरी से दबोच लिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### मोटोरोला ने ढेर सारे फीचर्स वाले मोटो जी14 को लॉन्च किया

**करनाल।** भारत में 5 जी स्मार्टफोन के सबसे अच्छे ब्रांड, मोटोरोला ने आज 'जी सीरीज' फ्रेंचाइजी में अपने बिल्कुल नए एंट्री लेवल स्मार्टफोन, मोटो जी14 को लॉन्च करने की घोषणा की। बेहद प्रीमियम डिजाइन वाला यह स्मार्टफोन बहुत ज्यादा आकर्षक और हल्का है, जो यकीनन लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगा। इसका पिछला पैनल दिखने में शानदार ऐक्रेलिक ग्लास सामग्री से बना है, जो इस डिवाइस को अपने सेग्मेंट में सबसे अलग बनाता है। इसके अलावा, इस महीने के अंत तक यह डिवाइस वीगन लेदर फिनिश में भी उपलब्ध होगा, जो इस सेगमेंट में पहली बार हो रहा है। इसमें 16.5 सीएम (6.5ह्व) का बेहद शानदार फुल एचडी+ डिस्प्ले लगाया गया है जो विजुअल कंटेंट को देखने के अनुभव को बेमिसाल बना देता है, और इस तरह उपयोगकर्ता कंटेंट की गुणवत्ता से कोई समझौता किए बिना पूरी तल्लीनता के साथ देखने का आनंद ले सकते हैं। मोटो जी14 ने हाई डेफिनिशन को एक नई परिभाषा दी है, जिसमें 20:9 आस्पेक्ट रेशियो, तथा बेहद पतले बेजेल्स के साथ पंच होल डिजाइन शामिल है जिससे काम करने और गेम्स आदि खेलने के लिए अधिक जगह मिलती है। यह आँखों को भी सुकून देता है, क्योंकि इसमें नाइट लाइट का फीचर मौजूद है जो स्क्रीन एम्बर को हल्का रंग देता है, और इस तरह कम रोशनी में भी डिस्प्ले को देखना आसान हो जाता है। बेहद मनभावन डिस्प्ले के साथ-साथ यह डिवाइस अपने शानदार स्पीकर्स के साथ उपयोगकर्ताओं के सुनने के अनुभव को एक नया आयाम देता है। लॉन्च के मौके पर, श्री प्रशांत मणि, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, - मोटोरोला एशिया पैसिफिक, ने कहा, ह्लहमें ' जी सीरीज' फ्रेंचाइजी में अपनी नई पेशकश, मोटो जी14 के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हम अपने जी सीरीज स्मार्टफोन के जरिए बेहद किफायती मूल्य पर शानदार फीचर्स वाले प्रीमियम स्मार्टफोन को सभी के लिए सुलभ बना रहे हैं, और इस तरह हम मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले भारतीय ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा कर रहे हैं। अपने इस वादे पर कायम रहते हुए, मोटो जी14 इस सेगमेंट में सबसे शानदार फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन के साथ आता है, जो मनोरंजन के अनुभव को बेमिसाल बना देता है। हमें पूरा यकीन है कि यह प्रोडक्ट भारत में किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में एक नई मिसाल कायम करेगा।

### मात्र 3 घंटे में उपन्यास लिख कर पूरी दुनिया को हैरत में डाला



**नई दिल्ली।** क्या कोई लेखक 3 घंटे में उपन्यास लिख सकता है ? ऐसी कल्पना भी कभी नहीं की जा सकती लेकिन ऐसा कारनामा राजस्थान के एक लेखक शेर सिंह ने कर दिखाया और सभी को हैरत में डाल दिया । उनका नाम इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में भी दर्ज हुआ है। शेर सिंह राजस्थान में राजपूत परिवार में जन्मे और अब तक 40 से अधिक किताबें लिख चुके हैं । उन्होंने 'ए वेडिंग इन एन एयरप्लेन' नामक बुक मात्र 3 घंटे में लिखकर यह इतिहास रच दिया । शेर सिंह एक ऐसे उम्दा प्रतिभाशाली अंग्रेजी लेखक हैं जिन्होंने पाठकों के दिल में बहुत ही कम समय में एक खास जगह बना ली। वह एकमात्र ऐसे लेखक हैं जिनकी पुस्तके भारत के कई शहरों में प्रकाशित हो चुकी है । उनकी पुस्तकें दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, चेन्नई, बेंगलुरु, बिलासपुर, जसपुर नगर, भिलाई आदि शहरों के विभिन्न प्रकाशनों से प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति कठोर मेहनत और संकल्प से अपने इस सपने को पूरा किया है। 'हॉफ किस', 'ए वेडिंग इन एन एयरप्लेन', 'ए नाइट विद ए गर्ल', 'हाउ टू ब्रेक हेविच्युअल साइकल्स' आदि इनके द्वारा लिखी गई कुछ प्रसिद्ध पुस्तकें हैं।

### एमेजॉन इंडिया ने श्रीनगर में देश का पहला फ्लोटिंग 'आई हैव स्पेस' स्टोर खोला



**नई दिल्ली।** एमेजॉन इंडिया ने श्रीनगर की डल लेक में अपना पहला फ्लोटिंग आई हैव स्पेस स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। हाल ही में यह नया शुरू किया गया आई हैव स्पेस स्टोर ग्राहकों को भरोसेमंद और सुविधाजनक डिलीवरी का अनुभव प्रदान करने की एमेजॉन इंडिया के उद्देश्य के अनुरूप है, और छोटे व्यवसायों को आय के अतिरिक्त अवसर प्राप्त करने में समर्थ बनाएगा। श्रीनगर स्थित, मुर्तजा खान काशी, जो सेलेक टाउन नामक हाउसबोट के मालिक हैं, वो एमेजॉन के आई हैव स्पेस पार्टनर के रूप में डल लेक और निगीन लेक के आसपास रहने वाले एमेजॉन ग्राहकों को डिलीवरी संभव बनाएंगे। आई हैव स्पेस स्टोर के रूप में सेलेक टाउन की शुरूआत से उन सैकड़ों ग्राहकों की समस्याएं हल हो सकेंगी, जो डल लेक और निगीन लेक पर अपना व्यवसाय चलाते हैं।

# कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## पुलिस अधीक्षक के साथ शहर में विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकाला



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

**पानीपत मेवात** जिला में हुई हिंसा को लेकर सभी जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है। जिला पानीपत में शांति व कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बुधवार को शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। आमजन से शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाला गया। पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल करनाल सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिहं शेखावत के साथ शहर में विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकाला और आमजन से शांति व कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में ना आए और सामाजिक सौहार्द बनाकर रखे। जिला पानीपत भाइचारे के लिए जाना जाता है ऐसे में लोग अपने विवेक का इस्तेमाल करें और अफवाहों से दूर रहे। जिला में सौहार्द पूर्ण माहौल है और इसे बनाकर रखे। जिला पुलिस आपकी सेवा सुरक्षा व सहयोग के लिए तत्पर है। पुलिस ने जिला लघु सचिवालय से जीटी रोड़ स्काई लार्क, बस स्टेंड, संजय चौक, सनौली रोड, हरिद्वार बाइपास, सेक्टर 11/12, सेक्टर 25, अनाज मंडी कट, गोहाना रोड, रेलवे रोड, लाल बत्ती चौक, देवी मंदिर रोड, इंसार बाजार, पंचरंगा बाजार, सलारगंज गेट से वापिस लघु सचिवालय तक लगातार फ्लैग मार्च किया और लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। फ्लैग मार्च में एएसपी मयंक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम व उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद रहे। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की झूठी खबर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली, धर्म जाति, वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली, भ्रामक जानकारी फैलाने वाली, जनभावना को आहत करने वाली, लोक शांति भंग करने वाली पोस्ट, फोटो या वीडियो को फेसबुक/ व्हाट्सएप/ ट्विटर/इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्ड या शेयर बिल्कुल ना करें।

## किसान यूनियन ने शुगर मिल रिपेयर टैंडर में देरी को लेकर खोला मोर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**सोनीपत का** शुगर मिल में शुगर मिल की रिपेयररिंग होने का अभी तक टैंडर न होने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान विरेंद्र पहल ने बुधवार को किसान रेस्ट हाउस में प्रेसवर्ता की। किसान नेता ने कहा कि गन्ना सत्र शुरू होने में कुछ ही माह बचे है और शुगर फैड द्वारा टैंडर द्वारा करने का निर्धारित समय बीत चुका है लेकिन अभी तक तो शुगर मिल की रिपेयर के लिए जो टेंडर छोड़ा जाना था, वह प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है। उन्होंने लापरवाही के लिए शुगर मिल में तैनात चीफ इंजीनियर देवेन्द्र पहल को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि टैंडर मामले की निष्पक्ष जांच हो तो लापरवाही का पता लग जाएगा और दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सरकार के उच्च अधिकारियों से मांग है कि इस पूरे मामले में संज्ञान लिया जाए।

## जयश्री बोहरा ने गणित विषय में किया जेआरएफ



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** मोहल्ला चांदूवाड़ा नारनौल निवासी जयश्री बोहरा ने सीएसआईआर यूजीसी के अंतर्गत गणित विषय में जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन्होंने ऑल इंडिया लेवल पर 75 वी रैंक हासिल की है। उक्त विषय में जानकारी देते हुए उनके पिता जयप्रकाश बोहरा ने बताया कि जयश्री शुरू से ही एक होनहार छात्रा रही है, जयश्री के पिता जय प्रकाश बोहरा आजाद चौक में क्रोकरी विक्रेता है। इस सफलता पर जयश्री बोहरा ने बताया कि कड़ी मेहनत और समय की सही उपयोगिता से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों अपनी दादी वह अपने माता पिता को दिया। जयश्री की सफलता पर न्यू टाइगर क्लब के सभी सदस्यों ने जयश्री को माता का एक समृति चिन्ह भेंट करके उनको और उनके परिवार को शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर न्यू टाइगर क्लब के संस्थापक मुकेश वालिया ,प्रधान दिनेश शर्मा, सचिव राहुल वर्मा ,अमित राजपूत, नवनीत चौधरी, टिंकू जैन ,राहुल राजोरिया, गगन सोनी आदि मौजूद रहे

## समालखा विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 13 अगस्त को: डा. अर्चना

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** **समालखा** विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 13 अगस्त को आयोजित होगा, जिसमे प्रदेश से बड़े नेताओं का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। ये विचार भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने बापौली में बुधवार को मंडल अध्यक्ष शिव कुमार रावल के निवास पर शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक की संबोधित करते हुए व्यक्त किये। वहीं बापौली पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष शिव कुमार रावल ने कार्यकर्ताओं के साथ डा अर्चना गुप्ता का बुके देकर स्वागत किया। डा अर्चना ने कहा की सभी बूथ अध्यक्ष तथा शक्ति केंद्र प्रमुख अपने-अपने सभी पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन में पहुंचना सुनिश्चित करे।

## रवि दिलोरी ने शपथ लेकर अपना कार्यभार संभाला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत रोटरी** क्लब पानीपत का शपथ ग्रहण समारोह असंध रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक गवर्नर अरुण मोंगिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि डीआरओ राजकुमार भौरिया और डीएसपी सुरेश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर क्लब के 66 वे अध्यक्ष के रूप में रवि दिलोरी ने शपथ लेकर अपना कार्यभार संभाला। नवनियुक्त अध्यक्ष रवि दिलोरी ने कहा कि क्लब 66 वे अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालते हुए उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है। वह सभी से वायदा करते हैं कि समाज और जनसेवा से जुड़े जितने भी अच्छे प्रोजेक्ट होंगे वह सभी करेंगे। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान और वृद्धाश्रम उनके आगामी प्रोजेक्ट हैं। जिसे वह सभी को साथ लेकर पूरा करेंगे। रोटरी क्लब द्वारा पहले भी समाज सेवा के विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं। भविष्य में भी समाज सेवा के सभी प्रोजेक्ट लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा, स्कूली बच्चों को वर्दी एवं किताबें वितरण करना और अन्य सभी प्रकार के जन सेवा के कार्य उनका मुख्य उद्देश्य है। क्लब के सभी सीनियर सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग के साथ समाज सेवा और सोसाइटी हित के सभी कार्य करेंगे।

इस मौके पर क्लब के सेक्रेटरी अरुण पसरीचा, रंजीत भाटिया, विनोद खंडेलवाल, रमेश बजाज, सुधीर सूद, रमन अनेजा, सुमित मित्तल, शशि चड्ढा, सुदर्शन चुघ, वरुण दुआ सहित अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सतपाल राठी ने विजेता कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**शहर** के सैनिक नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गों में खिलाडियों ने पूरा दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी कुरूक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सतपाल राठी ने विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया और उन्हें प्रोत्साहन के तौर पर 3100 रुपए भी दिए। उन्होंने युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने व नशे की लत से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। प्रतियोगिता में मुख्य तौर पर पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सतपाल राठी का यहां पहुंचने पर आयोजकों ने जोरदार अभिनंदन किया। कोच विशाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनिक नगर में हुई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में गर्विष, सानिया, सोहिल, अमन, कार्तिक, दक्ष, जतिन, वंश, हिमांशू, योगेश, विवेक , भविष्य, तुषार, दीपांशु, तनिष्क, जाह्नवी, सामीक्षा, हेमंत, दीक्षांत, रोहित, अनमोल, नैतिक, विशाल, पंकज, यूनिक व मयंक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन सभी खिलाडियों का चयन 4 से 6 अगस्त तक कुरूक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, कैडिट व अंडर- 21 लडके व लड़कियों के वर्ग की स्पधाएं होंगी। खिलाडि?ों को प्रोत्साहित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल राठी ने कहा कि कड़ी मेहनत व लगन के जरिये

ही किसी भी बड़ी से बड़ी प्रतियोगिता में जीत हासिल की जा सकती है। इसलिए पढ़ाई के साथ- साथ खेलों में भी युवाओं को रुचि लेनी चाहिए। सतपाल राठी

ने कहा कि आज राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के खिलाड़ी अपना परचम लहरा रहे हैं और पदक हासिल करके अपने प्रदेश-देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाडियों से अनुशासन में रहकर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के बहकावे में न आकर अपने भविष्य को सुदृढ़ करने का काम करें, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस मौके पर

कोच प्रमोद गोरी, कोच रविराज, राजू अहलावत, अभय, संदीप, विशाल, कपिल, अमन, सागर राठी, अंशु मलिक भी मौजूद रहे।

## 'आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन' लॉन्च

**गुड़गांव/फरीदाबाद:** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च किया है। यह एक ऐसा अनूठा उत्पाद है जो व्यापक जीवन बीमा कवर, दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु और स्थायी विकलांगता से सुरक्षा और दीर्घकालिक धन सृजन और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बाजार से जुड़े रिटर्न प्रदान करता है। यह उत्पाद वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन बीमा कवर प्रदान करता है। यह ग्राहकों के लिए इक्विटी और डेट में 18 फंड विकल्पों की पेशकश करके अधिकतम रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत का सही मिश्रण प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसी अवधि के दौरान परिवार के लिए पूर्ण वित्तीय सुरक्षा हो और जीवित रहने पर स्वयं के लिए एक महत्वपूर्ण एकमुश्त राशि प्राप्त हो।इसके अतिरिक्त, कंपनी ने खरीद प्रक्रिया को सरल बना दिया है जिसके अनुसार घोषित आय के आधार पर पॉलिसी जारी की जा सकती हैं। विशेष रूप से, 45 वर्ष से कम आयु के ग्राहकों को शारीरिक चिकित्सा परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं है*। किसी दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के मामले में लाभार्थी/नामित व्यक्ति को जीवन कवर या दावा राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर नहीं हो। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी अमित पाल्टा ने कहा, "हमें आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है।

## विधायक से राजलू गढ़ी गांव में समस्याओं के समाधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी के ग्रामीणों ने त्रिलोकचंद शर्मा के नेतृत्व में विधायक निर्मल चौधरी से गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर मांग की। विधायक को दिए मांग पत्र में ग्रामीण त्रिलोकचंद ने बताया कि राजलू गढ़ी गांव में घुमने के लिए एक भी पार्क नही है। इसलिए गांव में जनहित पार्क का निर्माण करवाया जाए। गांव राजलू गढ़ी से गन्नौर जाने वाली सड़क पर राजपुरा माईनर के ऊपर से गुजरते समय बनाई पुलिया की दोनो तरफ की दीवार टूटी है। रात के समय कोई भी वाहन माईनर के अन्दर गिर सकता है। इसलिए शीघ्र राजपुरा माईनर पर बने पुल की दिवारों का दोनो तरफ निर्माण करवाया जाए। गांव राजलू गढ़ी में भोगीपूर पंचायत की जमीन में तालाब के चारो तरफ चार दिवारी का निर्माण करवाया जाए। राजलू गढ़ी में बने दोनो तालाबों के पानी की निकासी भोगीपूर ड्रेन में करवाई जाए।

## सम्पत्ति के नुकसान की वसूली उपद्रवियों से ही करने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल:। नगर** की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने मेवात में धार्मिक यात्रा पर की गई सुनियोजित हिंसा के विरोध में ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री हरियाणा को सम्बोधित इन ज्ञापनों को नगराधीश को सौंपा गया। नगराधीश को मामले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता परिषद नारनौल के जिलाध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने कहा की हिन्दू समाज पिछले कई वर्षों से मेवात क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की यात्रा का आयोजन करता है। 31 जुलाई को भी इसी ब्रजमंडल यात्रा का आयोजन किया था तथा वह यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी, किन्तु नूंह में पहुंचने पर अचानक इस धार्मिक यात्रा पर मुस्लिम समुदाय के उपद्रवियों ने हमला कर दिया। यह सुनियोजित हमला था, जिसमें पत्थर व हथियारों का प्रयोग किया गया। इस धार्मिक यात्रा में महिलाएं, बालक व पुरुष शामिल थे। वशिष्ठ ने बताया कि हमला इतना सुनियोजित था की इस यात्रा में शामिल कुछ व्यक्तियों की निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी गई। ड्यूटी कर रहे दो होमगार्ड जवानों को मौत के घाट उतार दिया। यात्रा में शामिल लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सैकड़ों गाड़ियों को आग लगा कर जला दी गई। सरकारी व निजी सम्पत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचाया।

नगराधीश को बताते हुए वशिष्ठ ने कहा कि उस सुनियोजित हिंसा के विरोध में नगर की प्रबुद्ध सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रसाशन के माध्यम से मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं। उन्होंने बताया ज्ञापन के माध्यम से मांग है की उपद्रवियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# रक्तदान जैसे शिविर लगाने से समाज को मिलता है एक अच्छा संदेश: संदीप



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र के** प्रमुख समाजसेवी स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता की 34वीं पुण्यतिथि पर उनकी पावन स्मृति में कुरुक्षेत्र के कीर्ति नगर में स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी में 17वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह ने किया। इस शिविर में 151 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया जबकि 200 रक्तदाताओं के पंजीकरण हुए। इन सभी रक्तदाताओं को राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इतना ही नहीं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विकास निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन राज, डीएमसी अश्विनी मलिक, नगराधीश हरप्रीत कौर, ईओ नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, डीएसपी रामदत्त नैन, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, पूर्व मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा के वरिष्ठद नेता कृष्ण बजाज, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने स्कूली विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और जरुरतमंद महिलाओं को राशन वितरित किया।

**रक्तदान**

**8 स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता का सपना था कि समाज के लिए कुछ ऐसा किया जाए जिससे समाज को फायदा हो**

राज्यमंत्री संदीप सिंह ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित करने के उपरांत कहा कि स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल संस्था ने रक्तदान शिविर लगाकर समाज को एक अच्छा संदेश देने का काम किया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल संस्था पिछले कई सालों से समाज सेवा के लिए कार्य कर रही है और रक्तदान शिवरों का आयोजन कर रही है। इस संस्था की जितनी प्रंशसा की जाए उतनी कम होगी।

पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि समाज सेवी स्वर्गीय मेहर चंद मेंहदी रत्ता की याद में हर वर्ष सामाजिक कार्य किए जाते है। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल संस्था की तरफ से पंकज अरोड़ा, राजीव अरोड़ा, राजेंदर अरोड़ा समाज सेवा के लिए सराहनीय कार्य कर रहे है। स्व. मेहर चंद मेहंदीरत्ता का सपना था कि समाज के लिए कुछ ऐसा किया जाए जिससे समाज को फायदा हो।

## पानीपत के नूंह हिंसा में मारे गये अभिषेक कां नूरवाला श्मशान में किया अंतिम संस्कार



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया। नूंह हिंसा में** मारे गये पानीपत के नूरवाला के अभिषेक का शव मंगलवार रात को ही पानीपत पहुंचा और उसको सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया था। वहीं बुधवार को सुबह परिजनों के अलावा विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व गौरक्षा दल सहित कई अन्य हिंदू संगठनों सहित विभिन्न संस्थाओं और शहर के गणमान्य व्यक्ति सिविल अस्पताल पहुंच गये। सभी लोगों ने उनकी मांगों को पूरा हुए बिना शव गृह से शव को लेकर जाने से मना कर दिया। जिससे अस्पताल में कई घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सांसद संजय भाटिया, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज,ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा,भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, डीसी डा. वीरेंद्र कुमार दहिया, एसपी अजीत सिंह शेखावत सहित सैकडों लोग अस्पताल में मौजूद रहे। हालांकि संगठनों की मांग थी कि मृतक युवक अभिषेक के परिजनों को एक करोड रूपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, मृतक अभिषेक को शहीद का दर्जा, सभी हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार करके सख्त सजा देने और इस मामले की जांच सीबीआई या एनआईए से करवाने की मांगें रखी गई।

## मरम्मत के अभाव में दम तोड़ती बुराड़ी विधानसभा की मुख्य सड़क, पैदल चलना भी हुआ दूभर

# बुराड़ी: टूटी-फूटी सड़कों के चलते आए दिन होते हैं सड़क हादसे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी विधानसभा** की मुख्य सड़के काफी लंबे समय से अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हो गई हैं, क्योंकि यहां की मुख्य सड़के इतनी ज्यादा जर्जर हो चुकी है कि गाड़ी चलना तो दूर की बात है, पैदल चलना भी दूभर हो चुका हैं। बावजूद इसके संबंधित प्रशासन मूक बना बैठा हुआ हैं।

**मरम्मत के अभाव में जर्जर हुई सड़के:** आपकी जानकारी के लिए बतां दें कि करोड़ों की लागत से बनाई गई इस मुख्य सड़क की दयनीय हालत सरकार की पोल तो खोल ही रही हैं बल्कि संबंधित विभाग द्वारा समय-समय पर रख-रखाव का भी अभाव रहा है इसको भी दर्शा रही हैं। इतना ही नहीं अब तो ऐसा आलम हो चुका हैं कि यह भी नहीं पता चलता हैं कि सड़क पर गड्डा है या फिर गड्डे में सडक हैं।



**बुराड़ी थाने से लेकर केशव नगर तक हैं सड़क का बुरा हाल:** आपकों बताते चलें कि बुराड़ी थाने से लेकर केशव नगर तक मुख्य सडक इस प्रकार से जर्जर हो चुकी हैं कि यहां पर हल्की सी बारिश होते ही सड़के पानी से लबालब हो जाती हैं।
वहीं जलभराव के चलते कई बार लोग नालियों में भी गिरकर चौटिल हुए हैं।

**समस्या...**

**8 शिकायतों के बाद भी नहीं हो रहा है समस्या का समाधान, लोग हो रहे है परेशान, प्रशासन दे ध्यान।**

**क्या कहते हैं लोग:** स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने बताया कि हम कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सड़क बनवाने को लेकर शिकायत कर चुके है। लेकिन उनका कहना है कि यह काम मेरे हाथ में नही हैं।
संत नगर कॉलोनी में रहने वाले आशुतोष ने बताया कि यह सड़क तो सालों से ही टूटी पड़ी हुई हैं।
इस ओर कोई भी नेता ध्यान नहीं देता हैं, यदि कोई बड़े नेता या मंत्री का कॉलोनी में आगमन हो तो खानापूर्ति के लिए सड़कों में मलबा डालकर गड्डे ढाक दिए जाते हैं।

## पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया नई सीवर लाईन डालने के कार्य का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** के जे ब्लॉक में जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने सीवर लाईन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद टिम्सी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नम्बर-18 के जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक की 1400 वाली गली में सीवर ओवरफ्लो की शिकायत काफी लम्बे समय से आ रही थी। इसका स्थायी समाधान हेतू आज बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के द्वारा सीवर की नई पाईप लाइन डालने के कार्य का उद्घाटन क्षेत्र की जनता द्वारा करवाया गया।
इस मौके पर अनुज सिंह, लख्मी पाल व प्रदीप गोयल व अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सतीश गर्ग को भाजपा दिल्ली प्रदेश में कोषाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता मंगतराम शर्मा, डॉ. विपिन पिव्हाल, शोभराज यादव, तिलकराज दीक्षित।

## आम आदमी पार्टी व भाजपा के कार्यों से संतुष्ट नहीं है लोग: जेएस नेयोल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जेएस नेयोल ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कंाग्रेस पार्टी ही देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे करके दिखाती है। यही कारण है कि हम जहां पर भी क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जा रहे है। हमें जनता का अच्छा रिस्पोन्स मिल रहा है और जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी व भाजपा ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से



किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते दिल्ली की जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी नहीं आ रहा है और जनता परेशान हो रही है।



भाजपा केशवपुरम जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल का स्वागत करते हुए भाजपा नेता गोविन्द शर्मा व अन्य।

# गांववासियों और दुकानदारों की डीएमआरसी के साथ हुई मीटिंग








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** गांव में आजादपुर गांव वासियों, दुकानदारों की डीएमआरसी के साथ मीटिंग हुई। पेरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई महीनों से आजादपुर गांव वाले और दुकानदारों को, जो डीएमआरसी का कार्य चल रहा है, उसकी वजह से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर मेन रोड़ की तरफ सर्विस लाइन वालों को। इसके चलते आज डीएमआरसी के एग्ज्यूक्टिव इंजीनियर सैफ अली और ठेकेदार के साथ संयुक्त मीटिंग हुई। जिसमें सभी ने अपनी बात रखी और मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर ठेकेदार को सख्ती से साफ-सफाई और बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर बहुताय की संख्या में ग्रामवासी और दुकानदार मौजूद रहे।

## पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: जवाहर मदान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग के समाजसेवी जवाहर मदान ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी जिम्मेवारी है कि हम सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिससे की आपके आस-पास का क्षेत्र हरा-भरा नजर आये।
उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल, फूल और छाया देते है, वहीं इनसें हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है।



इसलिए सभी अपने जन्मदिन व सालगिरह व अन्य उत्सवों पर पौधे लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कंवर करन सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष विनोद वधवा, मॉडल टाउन वार्ड के पूर्व निगम प्रत्याशी जेके डावर, चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव अमित वधवा, समाजसेवी पुरूषोत्तम कुमार व अन्य।

# पीरागढ़ी: विनय रावत को भाजपा में मिली बड़ी जिम्मेदारी

## विनय रावत दो बार रह चुके है बाहरी दिल्ली से भाजपा के जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा ने दिल्ली के सभी जिलों में जिला अध्यक्षों के साथ-साथ कई अहम अन्य पदों की भी सूची जारी कि हैं। इसी के साथ ही नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित पीरा गढ़ी वार्ड से पूर्व निगम पार्षद विनय रावत को दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया हैं।
जिसके बाद से ही विनय रावत के कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैं। इसके साथ ही लोगों ने फूलों का गुलदस्ता व पुष्पहार पहनाकर विनय रावत को बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की।
इस मौके पर विनय रावत ने लोगों को धन्यवाद करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी मैं हूं वो सिर्फ अपनी क्षेत्र की जनता की वजह से ही हूँ।

**मेरी जनता, मेरा अभिमान:** विनय रावत ने यह भी कहा कि मेरे लिए मेरे क्षेत्र कि जनता ही सब कुछ हैं। मेरे क्षेत्र के लोग मेरे लिए वोट बैंक नहीं है बल्कि मेरी



जनता ही मेरा अभिमान हैं। मैं अपने क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए दिन-रात तत्पर रहता हूँ, मेरा ऑफिस और मेरे घर के दरवाजे हमेशा ही लोगों के लिए खुले रहते हैं।
रावत ने यह भी कहा कि मेरी इसी मेहनत को देखते हुए पार्टी ने मुझे एक नई जिम्मेदारी सौंपी हैं जिसे मैं पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ निभाउंगा।

**विनय रावत दो बार रह चुके है बाहरी दिल्ली से जिला अध्यक्ष:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि विनय रावत काफी सालों से भाजपा में एक कार्यकर्ता के रूप में काम करते आए हैं, इतना ही नहीं रावत दो बार बाहरी दिल्ली से जिला अध्यक्ष व रोहिणी जोन से चेयरमैन भी रह चुके हैं।
रावत ने पार्षद रहते हुए अपने वार्ड में काफी विकास कार्य भी किए हैं। जैसे कि स्ट्रीट लाइट लगवाना, पार्को में बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था, मोहल्ले में साफ-सफाई करवाना इसके अलावा अनेको कार्य इन्होंने करवाये है। इतना ही नहीं विनय रावत जन सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

# श्री श्याम मस्ताना मंडल ने किया श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में** श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से मंगलवार को श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 30वां मासिक संकीर्तन का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। संकीर्तन में कलाकारों ने श्री श्याम बाबा के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री श्याम सदन में मंगलवार को श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 30वां मासिक संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ बाबा खाटू श्याम जी के चित्र के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। संकीर्तन में प्रीति अग्रवाल, एनम अग्रवाल, देव ,अन्वी, तक्षु गोयल, जिपेश, चिराग, प्रतीक, रक्षा गर्ग, भविष्य गर्ग आदि गायक कलाकारों ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 7 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय, शीश के दानी की जय के जयकारों से श्याम दरबार गूंज उठा। संकीर्तन में इत्र वर्षा भी की गई। जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम मस्ताना मंडल की संस्थापिका शालिका अग्रवाल ने बताया कि हर माह की 1 तारीख को श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का मासिक संकीर्तन का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया जाता है। संकीर्तन में प्रतीक बंसल, पारस जैन, महावीर प्रसाद, अंकित, नंदनी, मधु गोयल सहित सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।







# फरीदाबाद में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद जिला में अमन चैन, शांति व्यवस्था व आपसी सद्भाव बनाये रखने को लेकर डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला स्तरीय सर्व धर्म शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में हिन्दू व मुस्लिम सहित अन्य समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक में सभी पक्षों ने अपने अपने क्षेत्रों में शांति और सद्भाव बनाने का आश्वासन दिया है।
डीसी विक्रम सिंह ने पडोसी जिला नूहं प्रकरण के मद्देनजर जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए हिन्दू व मुस्लिम सहित अन्य सर्व धर्म समाज के लोगों के साथ सीधा संवाद कर जिला में अमन चैन, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोर दिया। डीसी ने कहा कि क्षेत्र में सांप्रदायिक उन्माद को फैलने से रोकने का एक ही उपाय है, कि अफवाहों को नजरअंदाज किया जाए। हमारे समाज में सभी धर्म-संप्रदाय के मानने वाले सदियों से आपसी प्रेम और मेलजोल से रहते चले आए हैं और यही हमारे समाज का मूल स्वभाव है। नफरत और हिंसा के लिए हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। डीसी ने प्रबुद्ध नागरिकों से अफवाहों को अनदेखा करके शांति, भाईचारा प्रेम और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील कर प्रशासन और पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने में मदद करने का आह्वान किया।



**जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर है पैनी नजर**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। फेक न्यूज और अफवाह फैलाने वाले दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो,फोटो या अभिलेख ना डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है।

**असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें**
डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में सभी समुदायों के गणमान्य नागरिकों से आह्वान किया गया कि नूंह जिला में जो घटना घटित हुई है। उसके संबंध में आपके पास कोई भी सूचना हो तो तुरंत इसकी जानकारी प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दें ताकि दोषी व्यक्तियों को खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# यमुनानगर: हिन्दू एवं संत समाज ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
नूंह जिले में हुई हिंसा के मामले में बुधवार को हिंदू एवं संत समाज के संगठनों ने संयुक्त रूप से लघु सचिवालय के सामने इकठ्ठे होकर दंगाइयों पर कठोर कार्रवाई व पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।
लघु सचिवालय पर जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने को लेकर पुलिस प्रशासन और हिंदू संगठनों के कार्यकताओं में तीखी बहस शुरू हो गई, लेकिन हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यकताओं ने वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। हालांकि कुछ समय बाद जिला उपायुक्त ने मौके पर आकर हिंदू संगठनों के कार्यकताओं से ज्ञापन ले लिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



संत समाज के राहुल मुनि, चेतनानंद, दिव्यपुरु दास, गोपाल दास और उदयवीर शास्त्री ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि सोमवार को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा पर हमले सहित आगजनी करने वाले उपद्रवियों और दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।
उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को हरियाणा के नूंह जिले के मेवात क्षेत्र को उपद्रवियों व दंगाइयों ने सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का प्रयास किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीनों उपमंडलो में एसडीएम की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटियों की बैठकें

**एसडीएम ने कहा, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की हर हलचल पर नजर, निरंतर निकाले जा रहे फ्लैगमार्च**



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**फरीदाबाद जिला में शांति व्यवस्था व आपसी सद्भाव बनाये रखने को लेकर फरीदाबाद में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीनों उपमण्डलो मे एसडीएम की अध्यक्षता में और एसीपी की मौजूदगी में पीस कमेटियों की बैठकें हुई। तीनों एसडीएम ने कहा, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की हर हलचल पर नजर, निरंतर फ्लैगमार्च निकाले जा रहे हैं। एसडीएम ने अपने- अपने क्षेत्रों में आपसी भाईचारा व शांति बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं सभी समुदायों के प्रबुद्धजनों ने शांति बरकरार रखने का भरोसा भी दिया। एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में बल्लभगढ़ एसडीएम कार्यालय में और बडखल एसडीएम पंकज सेतिया की अध्यक्षता में बडखल के एसडीएम कार्यालय में एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार, एसीपी बडखल अभिमन्यु गोयत और एसीपी बल्लभगढ़ मुनीश सहगल की मौजूदगी में शांति/पीस कमेटियों की बैठकें आयोजित की गई। जहां इन बैठकों में हिन्दू व मुस्लिम सहित अन्य समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठकों में सभी पक्षों ने अपने अपने क्षेत्रों में शांति और सद्भाव बनाने का आश्वासन दिया। बता दें कि एसडीएम कार्यालयों नूहं प्रकरण के मद्देनजर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए हिन्दू व मुस्लिम सहित अन्य समाज के लोगों से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। वहीं फरीदाबाद में विभिन्न क्षेत्रों में सांप्रदायिक उन्माद को फैलने से रोकने का एक ही उपाय है कि अफवाहों को नजरअंदाज किया जाए। हमारे समाज में सभी धर्म-सम्प्रदाय के मानने वाले सदियों से आपसी प्रेम और मेलजोल से रहते चले आए हैं और यही हमारे समाज का मूल स्वभाव है। नफरत और हिंसा के लिए हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। नागरिकों से अफवाहों को अनदेखा करके शांति, भाईचारा प्रेम और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील कर कानून व्यवस्था बनाये रखने में शासन-प्रशासन की मदद करने का आह्वान किया गया है।

**जिला प्रशासन की सोशल मीडिया और एसएमएस मैसेज पर है पैनी नजर**
एसीपी सैन्ट्रल राजीव कुमार, एसीपी बडखल अभिमन्यु गोयत और एसीपी बल्लभगढ़ मुनीश सहगल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो,फोटो या अभिलेख ना डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। प्रशासन और पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है।असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें
बैठकों में सभी समुदायों से आह्वान किया गया कि नूंह जिला में जो घटना घटित हुई है। उसके संबंध में आपके पास कोई भी सूचना हो तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें ताकि दोषी व्यक्तियों को खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें।

### हरियाणा सरकार ने "नो लिटिगेशन पॉलिसी - 2023" लागू की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने "नो लिटिगेशन पॉलिसी-2023" की अधिसूचना जारी कर दी है। इस पॉलिसी में मानेसर तहसील के भूस्वामियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की है। इस पॉलिसी को 7 जुलाई को हरियाणा मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी थी। आईएमटी मानेसर का एक्सपेंशन करने के लिए कुछ लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया गया।
एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक यश गर्ग ने बुधवार को बताया कि भूस्वामियों की स्वैच्छिक भागीदारी के लिए "नो लिटिगेशन पॉलिसी -2023" बनाई गई है।

# जिलाधीश ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।
जिलाधीश विक्रम सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 22 (1) और 23 (कक) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किए गए हैं। आदेशानुसार जिला फरीदाबाद में अप्रिय घटनाओं/दंगों की संभावित घटना के लिए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों से तालमेल करके कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी रखेंगे।
जिलाधीश विक्रम सिंह ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट और संबंधित पुलिस



अधिकारी की नियुक्ति अलग अलग इलाकों के लिए की है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार फरीदाबाद, श्री जय प्रकाश मो. 9416477010 व संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी सराय फरीदाबाद, मो. 9582200111 को,कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री रविंदर मलिक, उप. निदेशक, उद्योग सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, फरीदाबाद मो. 9999685151 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी ओल्ड फरीदाबाद, मो. 9582201007 को,कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री. ओमदत्त, एक्सईएन एमसी फरीदाबाद, मो. 9467788826 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी सेंट्रल फरीदाबाद, मो.9582200110 को नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार बल्लबगढ़ मो.9813168877 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी बल्लभगढ़ फरीदाबाद, मो. 9582200114 को, कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री सुरेश कुमार नायब तहसीलदार बड़खल मो. 9671784900 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी बड़खल फरीदाबाद, मो. - 9582200666 को,कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री मनोज कुमार, एक्सईएन, एचएसवीपी फरीदाबाद, मो. 9643421800 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी एनआईटी फरीदाबाद, मोबाइल नंबर- 9582200112 को,कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री राहुल, एक्सईएन एचएसआईआईडीसी फरीदाबाद, मो. 9871942155 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी मुजेसर फरीदाबाद, मो. 9582200113 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री अमित जैन, एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ, फरीदाबाद मो. 8901415415 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी क्राइम फरीदाबाद, मो. 9582200116 को, कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री अजय कुमार, नायब तहसीलदार तिगांव, मो. 9416894946 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी तिगांव फरीदाबाद, मो. 9582200115 को, कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री लेखराज, जी.एम. हरियाणा रोडवेज फरीदाबाद, मो. 9017452133 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी ट्रैफिक फरीदाबाद, मो. 9582200118 को, कार्यकारी मजिस्ट्रेट श्री सुरेश कुमार, तहसीलदार फरीदाबाद, मो. 9464330077 के साथ संबंधित पुलिस अधिकारी, एसीपी वुमन क्राइम फरीदाबाद, मो. 9582200060 को अलग अलग इलाकों के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए गए हैं।

# नारनौल: विहिप ने नूंह हिंसा की उच्च स्तरीय जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
नारनौल में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने नूह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर हिंसा की उच्च स्तरीय जांच करवाने, हिंसा में मारे गए लोगों को सरकार द्वारा मुआवजा दिलाने व हिंसा में हुई तोड़फोड़ का मुआवजा दूसरे समुदाय विशेष के लोगों से वसूल करने की मांग की है।
विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी तो भी जल्द ही बड़ा आंदोलन करेंगे।



विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बुधवार को लघु सचिवालय के बाहर इकट्ठा हुए। जहां से वे प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विश्व हिंदू परिषद के अधिकारी विशाल सैनी ने कहा कि नूह में हिंदू संगठनों द्वारा ब्रज मंडल यात्रा निकाली जा रही थी। जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए थे।

### नूंह में हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण, अब तक छह की मौत: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में हिंसा की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दर्दनाक घटना में अभी तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो होमगार्ड के जवान हैं और चार नागरिक शामिल हैं। कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नल्हड़ अस्पताल, मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम व अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अधिकारियों से रिपोर्ट लेने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि षड्यंत्रकारियों की पहचान की जा रही है और सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।

### "मेरी माटी मेरा देश" के तहत जन जागरूक कार्यक्रमों ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर क्रियान्वयन के लिए की मंत्रणा: सीईओ आशिमा सांगवान



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सीईओ जिला आशिमा सांगवान ने जिला विकास एवं पंचायत विभाग तथा ग्रामीण विकास अभिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मेरी माटी मेरा देश के तहत जन जागरूक कार्यक्रमों ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिला विकास एवं पंचायत विभाग व डीआरडीए के अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल करके बनाए आम जन को भागीदार बनाना सुनिश्चित करें।सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा कर रही थी। आशिमा सांगवान ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मेरी माटी मेरा देश वाले कार्यक्रम के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित करें। जिसके तहत किये जाने वाले कार्य इस प्रकार क्रियान्वित करें। इनमें शिला फलकम- सभी ग्राम पंचायतों में एक सिला फलकम तैयार करें। जिसका साइज 53 होगा। जो कि अमृत सरोवर के पास बनाया जाना है। अमृत सरोवर के पास जगह उपलब्ध नहीं है, तो पंचायत घर या स्कूल के पास जहां भी जगह उपलब्ध है। वहां बनाना सुनिश्चित करें। वहीं पंच प्रण- सभी को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पांच प्रण की शपथ हाथ में मिट्टी का दीया लेकर और उसकी शेल्फी ली जानी सुनिश्चित करें।
सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के तहत गुलामी के हर अंश से मुक्ति पर आधारित कार्यक्रम, अपनी विरासत पर गर्व करना,एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना, वसुधा वनधन- सभी ग्राम पंचायतों में 75 पेड़ों की एक अमृत वाटिका तैयार करनी हैं।

# 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में गंभीरता बरतें: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 77वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया जाए उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में सभी विभागों के अधिकारी गंभीरता बरते। डीसी विक्रम सिंह आज बुधवार सायं लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारियां पूरी करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा जिला फरीदाबाद में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करवानी है। जो भी अधिकारी या कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनुपस्थित रहेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए पूरी तैयारियां सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों और जिम्मेदारियों के दायित्व की जानकारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दे रहे थे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में मनाया जाएगा। वहीं सब डिवीजन लेवल पर बल्लबगढ़ और बड्खल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित किए जाएंगे।



# फरीदाबाद के सैंकड़ों सामाजिक संगठनों ने मेवात कांड पर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** । मेवात क्षेत्र में मुस्लिमों द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र से सामाजिक धार्मिक पांडव कालीन यात्रा पर और कानून व्यवस्था पर किये गये हमले से गुस्साए शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय पर जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन फरीदाबाद एसडीएम परमजीत सिंह चहल को दिया गया। फरीदाबाद की 200 से भी अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एसडीएम बड़खल और एसडीएम बल्लबगढ़ को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा मेवात के नूंह में हिन्दुओं के आस्था व श्रद्धा के केन्द्र पाण्डव कालीन प्राचीन नल्लहडं शिव मन्दिर की धार्मिक यात्रा पर इस्लामिक जेहादियों ने तीर्थयात्रियों पर भारी पथराव, हिंसा, आगजनी और पहाडियों से सीधी गोलियां चलाई गईं हैं। जिसमें संेकड़ों गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर आगजनी की भेंट चढ़ा दिया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार दो कानून के रक्षक पुलिस के होमगार्ड एवं तीन हिन्दुओं की मृत्यु हुई है। सैकड़ों तीर्थयात्री व बजरंग दल के कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इस आतंकवादी आक्रमण के विरोध में 200 से भी अधिक हिन्दू संगठनों के साथ शहर के विभिन्न अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने शांतिपूर्ण तरीके से डी सी कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें इस मुस्लिम आतंकवादी आक्रमण के विरोध में इन राष्ट्रविरोधी, कानून विरोधी, समाज विरोधी अपराधियों, कातिलों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। एनएसए लगाने की मांग रखी जिससे भविष्य में कोई राष्ट्र और समाज के विरुद्ध कोई ऐसा दुष्कृत्य न कर सके। इस अवसर पर भाग लेने वाले विभिन्न संगठनों में मुख्य रूप से बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, फरीदाबाद,मेवात मित्र वेलफेयर सोसायटी फरीदाबाद,भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा फरीदाबाद,आर्य समाज, सेक्टर-19, फरीदाबाद बजरंग दल, फरीदाबाद हिन्दू जागरण मंच ,हिन्दू जागरण मंच फरीदाबाद,कुटुम्ब प्रबोधन फरीदाबाद इकाई, हरियाणा, ,श्री श्रृंगेश्वर महादेव सेवा समिति,गीता मन्दिर सभा, फरीदाबाद, अरुण वालिया,अजरौंदा विकास एवं अधिकार मंच,गौतम ब्राह्मण समाज, फरीदाबाद, राजस्थान एसोसिएशन, राजस्थान सेवा सदन, सेक्टर-10, फरीदाबाद, कुलदीप साहनी, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, अजरौंदा मण्डल फरीदाबाद, साइंस ऑफ हॅपिनेस, सेक्टर 15ए, फरीदाबाद,वैश्य समाज, सेक्टर 28 फरीदाबाद,न्यू0डी०एल०एफ० इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फरीदाबाद, वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, फरीदाबाद,अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, फरीदाबाद,मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन, सैक्टर 15, फरीदाबाद, भारत विकास परिषद, सैक्टर-10, फरीदाबाद, धर्म जागरण समन्वय, सैक्टर-19,एस०आर०एस० पियरल फलौर्स, सैक्टर-87, फरीदाबाद, भारत विकास परिषद्, बल्लबगढ़ एस०आर०एस० हिलस, सैक्टर-87, फरीदाबाद , सिदेश्वर महादेव, धर्माथ सोसायटी, फरीदाबाद,रेजीडेन्ट वेलफेयर, ऐशोसिऐशन, इन्द्रानगर, फरीदाबाद,सर्माट सिटी आरडब्लयू०ए० सन्त नगर, सैक्टर 20ए फरीदाबाद,भारत विकास परिषद, बी०पी०टी०पी० पार्क लैण्ड, सैक्टर-85. फरीदाबाद,ओमेक्स हाइट्स, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-36, फरीदाबाद, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, सेक्टर-16 फरीदाबाद, 10 श्री सनातन धर्म मन्दिर, फ्लोरिडा, सेक्टर-82. फरीदाबाद, देवस्थल मंदिर, अशोका एन्क्लेव-111 सेक्टर-35, फरीदाबाद,फ्लोरिडा डेवलपमेंट एसोसिएशन, सेक्टर-82 फरीदाबाद,रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, एस०सी० नगर, फरीदाबाद, संस्कार भारती, कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था, 240, पूर्वी चावला कॉलोनी, बल्लबगढ़, भारतीय शिक्षण मण्डल, 478, शक्ति नगर, तिकोना पर्का लक्ष्मी गार्डन रोड़, नजदीक पटौदी चौक, गुरुग्राम ,भारत विकास परिषद, सेक्टर-2, फरीदाबाद,हरकेश नगर वेलफेयर एसोसिएशन, हरकेश नगर फरीदाबाद,भारत विकास परिषद, 92. हुडडा मार्किट, सैक्टर-21सी0, फरीदाबाद,रामा इन्डस्ट्रीयल पार्क ऐशोसिऐशन, सिकरी प्याला रोड, बल्लबगढ़,हरिश चन्द्र आजाद, संस्थापक, बेटी बचाओ अभियान, 519, सैक्टर-29, फरीदाबाद,काली मन्दिर, आर्य समाज के प्रतिनिधियों सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक हरियाणा संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा, श्री राम अग्रवाल ,राजकुमार मदान, विश्व हिंदू परिषद रमेश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा,कालिदास गर्ग,प्रेम चंद गोयल, बी आर सिंगला, अरुण वालिया, विमल खंडेलवाल ,रवि भूषण खत्री, महंत ललित गोसाई सेवा भारती, डॉ बालकिशन बंसल लघु उद्योग भारती, सुरेंद्र जांगड़ा गजेंद्र भड़ाना, सरदार मोहन सिंह भाटिया वैष्णो देवी मंदिर जगदीश भाटिया,रवि नागपाल, श्रीओपी धामा, जसपाल जय सिंह,राजकुमार वोहरा एवं अन्य सामाजिक संस्थाएं या समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।



फास्ट न्यूज

## उप्र में अगले चार दिन होगी भारी बारिश

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में भारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इस बीच आकाशीय बिजली गिरने की बात भी कही है। वैज्ञानिकों की मानें तो राजधानी और आसपास के कई जिलों में आकाशीय बिजली का खासा असर देखने को मिलेगा। इससे भारी नुकसान और जानमाल को लेकर अलर्ट जारी किया है। उप्र में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसका असर बुधवार की सुबह से लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या आदि जनपदों में देखने को मिला। मौसम में आई तब्दीली के चलते आसमान में सुबह से ही काले बादल छा गए और हवाओं के साथ बारिश होने लगी। बारिश की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात मिली और सुहाना मौसम होने से सभी ने राहत की सांस ली। तामपान में भी गिरावट आई है। अमौसी मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने प्रदेश में बदले मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो उप्र के कई क्षेत्रों में बुधवार (आज) से आने वाले चार दिनों यानी छह अगस्त तक भारी बारिश पड़ सकती है। यह आसार पूरे राज्य में बने रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ और आसपास के जनपदों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली से अधिक नुकसान होने की संभावना जताई है। इसको लेकर अलर्ट जारी करते हुए चेताया गया है कि लखनऊ में वर्षा के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। यदि आप सीतापुर या कानपुर हाईवे पर हैं तो खासतौर पर सावधान रहें। पेड़ या किसी लोहे के स्ट्रक्चर की शरण लेने से बचें। कच्चे निमार्णों से दूर रहें। राजधानी के डालीगंज, फैजुल्लागंज में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। वहीं गोमती क्षेत्र हजरतगंज, ट्रांस गोमती के लिए आकाशीय बिजली गिरने से होर्डिंग, यूनीपोल, पुराने जर्जर भवनों के आसपास लोगों को सावधान रहने के लिए मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी जारी की गई है।

## एमपी में फिर शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौर

**भोपाल:** बंगाल की खाड़ी के आसपास बने कम दबाव के क्षेत्र से मध्य प्रदेश में एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बुधवार को राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है। रीवा में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। भोपाल में भी फुहारें गिर रही हैं। जबलपुर में बीते 24 घंटे में 6.61 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई है। कटनी में दो दिन से बारिश का दौर बना हुआ है। मुड़वारा स्टेशन के आस-पास पानी भर गया है। निचले इलाकों में भी पानी जमा हो गया है। उज्जैन और सतना में भी पानी गिर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक जबलपुर में 168.1, उमरिया में 73.2, मंडला में 69, सीधी में 36.2, रतलाम में 28, बैतूल में 23, सतना में 20.2, ग्वालियर में 16.7, उज्जैन में 15, सिवनी में 1.2, भोपाल एवं धार में 0.4 मिलीमीटर वर्षा हुई।

# 'यूपी में हो रहा डबल इंजन से विकास कार्य'

### मुख्यमंत्री ने वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में देखा प्रस्तुतिकरण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर होनी चाहिए। इसको ध्यान में रखकर दोनों कार्यालयों को डिजाइन करें। दोनों कमिश्नरी के भवनों में स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई दे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हमें सभी कार्यालयों को एक जगह पर लाना है। एकीकृत कमिश्नरी कार्यालय का उद्देश्य यह है कि इससे सभी विभागों की मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। एक छत के नीचे सभी कार्यालयों के होने से जनता को भटकना नहीं पड़ेगा। वाराणसी और गोरखपुर कमिश्नरी कार्यालयों को हमें एक मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करना है। इससे जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों भवनों का निर्माण ऐसा हो जो व्यवहारिक लगे।



कार्यालयों के लिए उतनी ही जमीन उपयोग में लें, जितनी आवश्यक हो। गोरखपुर और वाराणसी विकास प्राधिकरण इस बात का ध्यान रखें कि दोनों एकीकृत कार्यालयों में कॉन्फ्रेंस हॉल, ओपन ऑफिस, क्यूबिकल ऑफिस और स्टोरेज की व्यवस्था हो। साथ ही इन कार्यालयों में बैंक, जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की भी व्यवस्था रहे। कार्यालयों के बन जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से गोरखपुर और वाराणसी में सभी कार्यालयों को शिफ्ट करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दोनों शहरों के विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि मण्डलीय कार्यालयों में वाणिज्यिक और सरकारी कार्यालयों को अलग-अलग रखें। उन्होंने कहा कि दोनों ही शहरों में ट्विन बिल्डिंग के निर्माण कार्य में तेजी

**आदेश**

**8 आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर हो वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान : मुख्यमंत्री**

लाएं। इसमें एक में सभी सरकारी कार्यालय, जबकि दूसरे भवन का वाणिज्यिक उपयोग किया जाए। इसके अलावा नया भवन बनने के बाद जो भी कार्यालय खाली हों, उनके शिफ्ट कराए गए कार्यालयों की खाली भूमि को 'मोनेटाइज' कर व्यवसायिक उपयोग में लाएं।
इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। वाराणसी में भवन निर्माण और डिजाइन बनाने के लिए आईआईटी बीएचयू का भी सहयोग लिया जाए। अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। जनता, अधिकारी कर्मचारी और अधिवक्ताओं की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए और इनके लिए एंट्री एवं एग्जिट की अलग अलग व्यवस्था होनी चाहिए।

## हरियाणा में हिंसा सरकार की नाकामी : मायावती

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बहुजन समाज** पार्टी (बसपा) प्रमुख और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को एक पत्रकारवार्ता कर कहा कि हरियाणा राज्य में सांप्रदायिक दंगा भड़कना, इस हिंसा में कई लोगों के हताहत होने के साथ ही धार्मिक स्थल सहित लोगों की सम्पत्ति की हानि होने से यह साबित होता है कि मणिपुर की तरह ही हरियाणा राज में भी कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। वहां की सरकार का खुफिया तंत्र भी निष्क्रिय है। जो दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता जनक है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह दावा है कि सांप्रादयिक दंगा विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की यात्रा पर इनके और अन्य सहयोगी संगठन की यात्रा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ। इससे यह स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार उस यात्रा को सुरक्षा देने में असफल है। उनका मानना है कि राज्य का शासन, प्रशासन और यहां का खुफिया तंत्र



इन मामलों में चुस्त और दुरस्त रहने चाहिए। कुल मिलाकर यहां की राज्य सरकार की नीति और नियत को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। हरियाणस सरकार प्रस्तावित इस यात्रा व जुलूस एवं प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे पाती है तो सरकार द्वारा ऐसे यात्रा को लेकर अनुमति क्यों दी जाती है। इसको लेकर सभी राज्यों को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि खासकर नूंह की घटना को लेकर उन्हें यह लगाता है कि हरियाणा सरकार के पास हिंसा को रोकने के लिए पूरी तरह से अभाव है। वैसे हरियाणा और मणिपुर की घटना बेहद शर्मनाक है। इस घटना को लेकर केंद्र सरकार को हस्ताक्षेप करना चाहिए।

## 'भूस्खलन टोपोग्राफिकल जांच कराई जायेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मनसा देवी पहाड़ी में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने भीमगोड़ा, देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को मनसा देवी पर्वत में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के निर्देश देते हुए कहा कि मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की संपूर्ण जांच कराई जाएग। उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर और उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर अथॉरिटी मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की रिपोर्ट शासन को

**रोकथाम**

**8 श्री महाराज ने कहा कि मनसा देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और हरिद्वार की शान है**

सौंपेगी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने कहा कि मनसा देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और हरिद्वार की शान है। इस लिए परिक्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की जिओ टेक्निकल, टोपोग्राफिकल और जियोफिजिकल जांच करवाई जाएगी और उसके पश्चात इसकी रोकथाम के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।
इससे पूर्व श्री महाराज ने भीमगोड़ा, देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम पहुंच कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी की शोक सभा में पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## सेना में पाक नागरिकों की नियुक्ति, केस दर्ज

### हाई कोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**सेना के** पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम के अंतर्गत बैरकपुर छावनी में पाकिस्तानी नागरिकों की भारतीय सेना में नौकरी करने को लेकर बुधवार को नया मोड़ आया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मामले की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। बुधवार को हाई कोर्ट के जस्टिस जय सेनगुप्ता ने सीबीआई को इस संबंध में एफआईआर दर्ज करने और जल्द जांच शुरू करने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश पर शुरूआत में सीबीआई ने इस



मामले की जांच की है। दावा है कि उनके हाथ कुछ अहम जानकारियां लगी हैं। केंद्रीय एजेंसी ने बुधवार को हाई कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद जज ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। सीबीआई को फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय सेना में भर्ती के कई सबूत मिले हैं। सीबीआई को कम से कम चार लोगों की अवैध भर्ती के बारे में पता चला है। हालाँकि, अभी तक

**निर्देश**

**8 सीबीआई को इस संबंध में एफआईआर दर्ज करने और जल्द जांच शुरू करने का निर्देश दिया**

यह निश्चित नहीं है कि उस दस्तावेज के माध्यम से कोई पाकिस्तानी नागरिक सेना में शामिल हुआ है या नहीं। लेकिन सीबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## महापुरुषों का अपमान करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा** कि महापुरुषों का अपमान करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वीर सावरकर को अपमानित करने वाली कांग्रेस पार्टी की पत्रिका शिदोरी पर भी कार्रवाई की जाएगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर महापुरुषों को अपमानित करने वाला उनका सगा भाई होगा, तो उसे भी छोड़ा नहीं जाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान के प्रमुख संभाजी भिड़े के विवादित बयान पर राज्य के कई पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इन विवादित बयानों की जांच कर रही है।

## बंदूक की नोक पर छिनताई

**टीम एक्शन इंडिया/पश्चिम मेदिनीपुर**
पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर टाउन थाना अंतर्गत विद्यासागरपुर इलाके में मंगलवार रात एक बदमाश ने एक व्यवसायी से बंदूक की नोक पर लूटपाट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात मृगांक विश्वास अपनी दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे। अभी वह घर पहुंचने ही वाले थे कि हाथ में बंदूक लेकर एक बदमाश उनके सामने आ गया और उनका रास्ता रोक लिया। बदमाश ने मृगांक के सिर पर बंदूक तान दी और उनके जेब से पैसे निकालने लगा।

## रायगढ़: 'हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन अवैध'

**टीम एक्शन इंडिया/रायगढ़**
धरमजयगढ़ के दमास में प्रस्तावित एक लघु जल विद्युत परियोजना को लेकर स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिसमें प्रभावित किसानों की निजी जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया के बिना ही परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है। इस मामले को लेकर धरमजयगढ़ एसडीएम ने पहले कहा था कि संबंधित कंपनी निजी जमीनों का क्रय करेगी। लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि भू अर्जन अधिनियम का पालन किए बिना किसी भी प्राइवेट प्रोजेक्ट की स्थापना नहीं हो सकती है। धरमजयगढ़ तहसील के दमास में मलका रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 8 मेगावाट का लघु जल विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन प्रस्तावित है। इस मामले में इस बात को भी रेखांकित किया गया था कि मलका कंपनी के महाप्रबंधक द्वारा कथित तौर पर जमीन अधिग्रहण की बात तो कही जा रही है लेकिन इसके विपरीत कंपनी द्वारा एक प्रभावित किसान की जमीन क्रय की गई है। इस तरह मलका कंपनी द्वारा भू अर्जन अधिनियम का उल्लंघन कर परियोजना का काम शुरू कर दिया गया और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बनी रही।

15 अगस्त विशेषांक

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होने से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।
-व्यवस्थापक

